# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 184 बैकुण्ठपुर, बुधवार 26 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# एकेडमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 29-30 को

## कुलपति ने कहा-15 देश से 252 शोध पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा एकेडमिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए दूसरी बार दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 29 व 30 अप्रैल 2023 को होटल वीरेंद्र प्रभा में किया गया है। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल व उच्च शिक्षा मंत्री के वर्चुअल शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में विवि के सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने बताया कि यह विश्वविद्यालय का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी है, जिसका विषय एडवांसमेंट इन साइंस मैनेजमेंट टेक्नालॉजी, सोशल साइंस एंड ह्यूमिनिटीज है। इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लिए ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन आईएनसी, यूएसए के साथ विश्वविद्यालय के द्वारा किए गए एमओयू से हुआ है, जिसे अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नालॉजी यूएसए के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के स्पांसर यूनिवर्सिटी ऑफ मेरीलैंड ईस्टर्न शॉर यूएसए हैं। इसमें कुल 15 देश से 252 शोध पत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए हैं, जो कुल 440 आर्थास के द्वारा लिखे गए हैं। कुलपति ने बताया कि इसमें कुल 15 विशिष्ट व्याख्यान एक्सपर्ट के द्वारा दिए जाएंगे। विभिन्न देशों के छह विषय विशेषज्ञों के द्वारा एक्सपर्ट लेक्चर प्रस्तुत किए जाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में नाइजीरिया, थाईलैंड, इथोपिया, उमान, यूके, यूएसए, मारिसस, अफ्रीका, बोटसवाना, चाइना, यूएई, कुवैत, कनाडा देश के शोधार्थी वर्चुअल माध्यम से अपने शोध पत्र का वाचन करेंगे। चयनित किए गए शोध पत्र स्प्रिंगर व एल्सेवियर जैसे अंतर्राष्ट्रीय शोध किताबों में छपेंगे। इसी तरह ऐबस्ट्रैक्ट तथा शोध पेपर यूएसए के नामी ग्लोबल जनरल ऑफ मॉडलिंग एंड इंटेलीजेंट कंप्यूटिंग, ग्लोबल जनरल ऑफ कंप्यूटर एंड इंजीनियरिंग टेक्नालॉजी, ग्लोबल रिव्यू ऑफ बिजनेस द टेक्नालॉजी में प्रकाशित किए जाएंगे। कुलपति प्रॉ.अशोक सिंह ने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, मेघालय, असम, तेलंगाना, उत्तराखंड, पंजाब से भी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के रिसर्च पेपर विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए हैं। पत्रवार्ता दौरान विश्वविद्यालय के जुनैद खान, एचएसपी टोंडे सहित अन्य उपस्थित थे।



### सिटी ऑफिस का होगा संचालन

कुलपति प्रो. अशोक सिंह ने बताया कि भकुरा में निर्माणाधीन विश्वविद्यालय भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यूटिलिटी भवन, एकेडमिक भवन, लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम हैंड ओवर कर दिए गए हैं। शासन से सड़क के लिए चार करोड़ रुपये मिला है। प्रयास है कि अगला इंटरनेशनल कांफ्रेंस विवि के नए भवन में हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जहां संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय का कार्यालय संचालित है, इसे सिटी ऑफिस में तब्दील किया जाएगा, ताकि यहां से सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके।

### बंद पड़ी गतिविधियों को दी गति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने बताया कि दो अगस्त 2021 को जब वे यहां पदस्थ हुए तो एकेडमिक गतिविधियां पूरी तरह से बंद थी, शोध बंद था, जिसे उन्होंने शुरू कराया। संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय की पूरी तरह से बिगड़ चुकी स्थिति को सुधारने का उन्होंने निरंतर प्रयास किया है। प्रोफेसरों के एरियर्स, कर्मचारियों का प्रमोशन रूके थे, जिसका समाधान उन्होंने प्राथमिकता देते हुए किया। भारत ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े विश्वविद्यालयों से एमओयू किए गए, ताकि एकेडमिक गतिविधियां निरंतर संचालित हों और इसका लाभ प्रोफेसर व विद्यार्थियों को मिल सके।

#### विजन, व्हील पॉवर की जरूरत

कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह ने कहा विश्वविद्यालय का संचालन सही तरीके से हो, उत्तरोत्तर प्रगति हो, इसके लिए विजन और व्हील पॉवर का होना जरूरी है। एक दशक पूर्व इस विवि में सारी गतिविधियां ठप थी। उन्होंने नौकरी में सहायक फिजिकल एजुकेशन की दिशा में भी प्रयास किया है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में सात डिपार्टमेंट संचालित हैं, नए डिपार्टमेंट खोलने के लिए शासन से अनुमति मिले, इसके लिए वे प्रयासरत हैं। बातचीत के दौरान कुलपति विश्वविद्यालय की प्रगति में रोड़ा बने कुछ लोगों से खफा भी नजर आए।

#### हर साल करेंगे दो सेमीनार

कुलपति प्रोफेसर अशोक सिंह ने कहा कि उनकी योजना हर छह माह में इंटरनेशनल कांफ्रेंस करने की है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों को वर्चुअल शामिल किया जाएगा। कांफ्रेंस में होने वाले का इस्टीमेट 15 लाख रुपये रखा गया है। कुलपति ने कहा देश-विदेश के मेहमानों के आने-जाने में होने वाले अत्यधिक खर्च को देखते हुए इसे वर्चुअल संपादित किया जा रहा है। कुलपति ने अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस को छात्र व देशहित में उपयोगी बताया।

## आंगनबाड़ी केन्द्र गंगापुर में कार्यकर्ता नियुक्त

**अंबिकापुर।** आयुक्त नगर पालिक निगम ने बताया कि कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना अंबिकापुर शहरी के अंतिम सूची एवं मेयर इन कौंसिल की बैठक के अनुसार शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र गंगापुर हेतु चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्धारित शर्तों की जानकारी देते हुए नियुक्त किया गया है।

## 13 मई को लोक अदालत हेतु खंडपीठ स्थापित

**अंबिकापुर।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई को किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा नेशनल लोक अदालत के सफल संपादन हेतु खंडपीठ की स्थापना की गई है। न्यायालय कलेक्टर हेतु पीठासीन अधिकारी कलेक्टर होंगे। इसी प्रकार अपर कलेक्टर, नजुल अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को पीठासीन अधिकारी बनाया गया है। जारी आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उनके संबंधित न्यायालय में, नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के न्यायालय में नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, लखनपुर, उदयपुर, धौरपुर, बतौली, सीतापुर तहसील में संबंधित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपने न्यायालय में पीठासीन अधिकारी होंगे तथा प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा नोडल अधिकारी होंगे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेटला में प्रभारी प्राचार्य नियुक्त

**अंबिकापुर।** कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर अंबिकापुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगवां के व्याख्याता (एलबी) मनोज वर्मा को सीतापुर विकासखंड के ग्राम घंघरी में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेटला के प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने हेतु आदेशित किया है।

## वन अधिकार अधिनियम को लेकर समीक्षा बैठक आज

**अंबिकापुर।** अपर कलेक्टर ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत मैनपाट क्षेत्रांतर्गत अपात्र दावों का पुनरीक्षण, अनुमोदित दावों के प्रमाण पत्रों का वितरण एवं नवीन दावों के संबंध में समीक्षा बैठक 26 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सर्वसंबंधितों को उक्त बैठक में निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# सरगुजा में ऐसे भी गांव...जहां अपनी लड़की का विवाह करने से कतराते हैं लोग

### मवेशियों के साथ इंसान पी रहे ढोढ़ी का पानी, सड़क बिजली तक की सुविधा नहीं

- शासनतंत्र व क्षेत्रीय विधायक के ढोल की पोल खोल रहे मैनपाट ब्लॉक के आश्रित गांव

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के मैनपाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐसे भी गांव हैं, जहां कोई अपनी लड़की का विवाह नहीं करना चाहता है। ऐसा नहीं है कि यहां के लड़के इस काबिल नहीं, इसके पीछे कारण मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जो क्षेत्रीय विधायक व शासनतंत्र के ढोल की पोल खोल रहा है। कितनी सरकारें आई और चली गई, पर इनकी बदहाली को दूर करने का बीड़ा किसी ने नहीं उठाया। जी हां...व ग्राम पंचायत परपटिया के आश्रित पारा ग्राम ढतेवा, पनहीपखना, दलदली व सिंगढोढ़ी में आज भी पानी, बिजली व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से लोग महरूम हैं। यहां के ग्रामीण ढोढ़ी व झरना का दूषित पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। गांव में विद्युत खंभा व तार तो लगा दिया गया है पर सारे उपकरण निम्न स्तर का होने के कारण आए दिन ब्लैक आऊट की समस्या बनी रहती है। मंगलवार को अंबिकापुर कलेक्टोरेट पहुंचकर जनदर्शन में ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी। इनका कहना था कि गांव में बिजली, पानी व सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण कोई उनके गांव में अपनी लड़की का विवाह नहीं करना चाहता है। बता दें कि मूलभूत सुविधाओं की वर्षों से बाट जोह रहे महिला-पुरूषों का जत्था मैनपाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परपटिया के आश्रित पारा ढतेवा, पनहीपखना, दलदली व सिंगढोढ़ी से पिकअप में सवार होकर अंबिकापुर कलेक्टोरेट में मंगलवार को होने वाले जनदर्शन में पहुंचा था। इन पर पत्रकारों को नजर पड़ी तो उन्होंने अपनी पीड़ा को सामने लाया। ग्रामीणों ने बताया उनके गांव में आज भी पीने का शुद्ध पानी नहीं है। ढोढ़ी व झरना का पानी पीने के लिए वे मजबूर हैं। इसी ढोढ़ी व झरना का मवेशी भी पानी पीते हैं। इनका कहना था शासन-प्रशासन को मवेशी व इंसान में फर्क समझ में आज तक नहीं आ पाया है। कई बार वे अपनी समस्या से जिला प्रशासन व विधायक को अवगत करा चुके हैं, बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।



### चारों पारा में 150 लोगों का है बसेरा

गांव के सरपंच भागीरथी लकड़ा ने बताया कि चारों पारा में लगभग 150 घर है, जिसमें मझवार, उरांव, कोरवा जाति के लोग निवास करते हैं। गांव में आज भी बिजली का अभाव है। बिजली पोल व आवश्यक उपकरण तो लगाए गए हैं, पर निम्न स्तर का सामान होने के कारण बिजली अपूर्ति नहीं हो पाती है। वे आज भी अंधेरे में रहने को विवश हैं।

#### गर्मी में पानी बिना हाल-बेहाल

गांव में बोरिंग की सुविधा नहीं होने के कारण ढोढ़ी व झरना ही ग्रामीणों की प्यास बुझाता है। गर्मी के मौसम में यह भी सूख गया है। ऐसे में काफी दूर से दूसरे ढोढ़ी से पानी लाकर प्यास बुझाने वे विवश हैं। गांव के वीरसाय का कहना है कि गांव में बिजली, पानी व सड़क जैसी सुविधा नहीं होने से लोग उनके गांव के लड़कों से अपनी लड़की का नाता जोड़ने तक से कतराते हैं।

# स्कूलों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर करें-कलेक्टर


- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न, कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता योजना, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण, जिले में कोविड की स्थिति की समीक्षा की




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति, जिले में कोविड की स्थिति, शासकीय योजनाओं के संचालन की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के मरम्मत कार्यों को युद्धस्तर पर शुरू कर जून माह से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश ईई आरईएस को दिए। उन्होंने कहा मरम्मत कार्यों के प्रगति की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाए, इसके लिए विकासखंड स्तर पर भी अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता योजना के संचालन की भी जानकारी ली। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण के अंतिम सप्ताह में सर्वे गंभीरता से त्रुटि रहित पूर्ण करें। यदि सर्वे में लोग छूटे हों, तो गांवों में मुनादी कराकर दिन निर्धारित करते हुए ग्राम चौपाल आयोजित कर उनका डाटा भरा जाए। उन्होंने कहा सर्वे में कोई ना छूटे, ये सुनिश्चित करें। बैठक में योजनाओं की समीक्षा के साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिला प्रवास पर की गई घोषणाओं की प्रगति की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा अनुरूप ऑक्सीजोन पार्क का नामकरण वृक्ष मित्र स्व.ओपी अग्रवाल के नाम पर करने की प्रक्रिया जारी है। जिला स्तरीय समिति के सदस्यों द्वारा आवश्यक चर्चा एवं विचार-विमर्श उपरांत पारित किया जाएगा। जिले में कोरोना संक्रमण प्रसार की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बैठक में सीएमएचओ से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने एक्टिव केस, सैंपल टेस्टिंग, होम आइसोलेशन एवं चिकित्सा की जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया जिले में सैंपल टेस्टिंग बढ़ाई गई है। निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर आवेदकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को आवेदनों के निराकरण की रिपोर्टिंग भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, डीएफओ पंकज कमल, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगई, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोविड पॉजिटिव महिला की उपचार दौरान मौत चिकित्सक ने बताया एक्सीडेंटल कोविड डेथ

### संक्रमितों की संख्या 12 दिनों में 419 पहुंची, कुल 4829 सेम्पल लिए गए



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर लोग गंभीर नहीं हैं। हर दिन बड़ी संख्या में पॉजिटिव केस सामने आ रहे हैं। मंगलवार की सुबह एक कोरोना संक्रमित 55 वर्षीय महिला की मौत इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में हो गई। देखा जाए तो कुछ दिनों में कोरोना से यह दूसरी मौत है। हालांकि चिकित्सक महिला की मौत को एक्सिडेंटल कोविड बता रहे हैं। महिला का हाल में एम्स में आंत का ऑपरेशन हुआ था। मंगलवार को जारी मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार 29 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग कोविड के ओमिक्रॉन एक्सबीबी.1.16 स्ट्रेन की संभावना बताई रही है। 46 कोविड पॉजिटिव सैंपल की जांच में 3 ओमिक्रॉन एक्सबीबी.1.16 स्ट्रेन के केस सामने आ चुके हैं। कोरोना संक्रमितों पर नजर डालें तो 10 अप्रैल को कोरोना के छह संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद हर दिन पॉजीटिव केस की संख्या बढ़ रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय है, कोविड जांच की संख्या बढ़ा दी गई है। जिला प्रशासन ने सर्दी-खांसी व बुखार जैसे लक्षण वाले लोगों को कोविड जांच कराने के निर्देश दिए हैं। सरगुजा में 10 से 25 अप्रैल के बीच कुल 419 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। एक महिला की मौत की पुष्टि हुई है। 55 वर्षीय महिला रामानुजगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वह सोमवार को कोविड पॉजिटिव पाई गई थी। स्वजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कोविड वार्ड में दोपहर 1.30 बजे भर्ती कराए थे। मंगलवार की सुबह महिला की मौत हो गई।

#### कोविड प्रभारी ने बताया पहले हुआ था आंत का ऑपरेशन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कोविड प्रभारी डॉ.अर्पण सिंह चौहान ने बताया कि महिला की मौत कोविड एक्सिडेंटल है। वह पहले से बीमार थी। 30 मार्च को एम्स में उसके आंत का ऑपरेशन स्वजनों ने कराया था, वहीं महिला के शरीर में मात्र 4 ग्राम हीमोग्लोबिन था। सोमवार को पॉजिटिव आने पर उसे भर्ती कराया गया, मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। कुछ दिन पूर्व एक कोविड संक्रमित वृद्ध की मौत हुई थी। वह भी पहले से बीमारियों से ग्रासित था।

### रैंडम सैंपल टेस्टिंग एवं कांटेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाई गई, कोरोना संक्रमण दर में आई कमी

जिले में कोरोना प्रसार की रोकथाम और बचाव के लिए निरंतर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार स्वयं जिले में कोविड की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं, जिसका परिणाम है कि माह के चौथे सप्ताह में कोरोना संक्रमण की दर कम हुई है। जिले में कोविड की स्थिति से निपटने के संबंध में तैयारी पर सीएमएचओ डॉ.पीएस सिसोदिया ने बताया कि कोविड से संबंधित समस्त सिस्टम अंतर्गत कोविड-19 हॉस्पिटल प्रबंधन, कॉन्ट्रेक्ट ट्रेसिंग दल, निरंतर जांच, होम आइसोलेशन, रैपिड रिस्पॉन्स दल, कॉल सेन्टर आदि को सक्रिय कर दिया गया है। कोविड संक्रमण को कम करने के लिए हॉस्पिटल में ओपीडी एवं आइपीडी से अधिक से अधिक रैंडम सैंपल टेस्टिंग की जा रही है। विकासखंड तथा शहरी क्षेत्र अंबिकापुर में औसत कोविड़ जांच बढ़ा दी गई है। अप्रैल माह की शुरुआत से अब तक 4 हजार से ज्यादा कोविड जांच की गई है। कांटेक्ट ट्रेसिंग से जल्द पॉजिटिव केस की पहचान हो रही है जिससे माह के चौथे सप्ताह में कोरोना संक्रमण की दर में कमी देखी गई है। पिछले सप्ताह में जहां संक्रमण दर 9.9 रही, वहीं इस सप्ताह में यह कम होकर 6.18 पर आ गई है। होम आइसोलेशन में रह रहे को-मोरबीडिटी एवं हाई रिस्क मरीजों का मॉनिटरिंग के लिए जिला कंट्रोल रूम से प्रति दिवस फोन के माध्यम से एवं विकासखंड के होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम से प्रतिदिन फोन के माध्यम से बीपी एवं ऑक्सीजन लेवल की जानकारी ली जा रही है तथा होम आइसोलेशन नियमों का पालन कराया जा रहा है।

# जनचौपाल में बेसहारा बच्चों को मिला सहारा, स्कूल और छात्रावास में होगा दाखिला

## पिता और बहन को खोया, आरबीसी 6-4 के तहत शीघ्र मिली मदद

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** कलेक्टर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनचौपाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की मांग और शिकायतों का निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में जनचौपाल में पहुंची उदयपुर विकासखंड के ग्राम जरहाडीह की रहने वाली बच्ची को प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के तहत आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत के लिए आदेश जारी किया गया है। बच्ची के पिता स्व. राम अगरिया और उसकी छोटी बेटी की 13 अप्रैलको तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी, जिस पर आरबीसी 6-4 के तहत अनुदान राशि प्रदाय की जा रही है। जनचौपाल में आई बच्ची के कुल चार भाई-बहन हैं। कलेक्टर ने बच्चों की आर्थिक स्थिति देखते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए गांव के ही स्कूल एवं छात्रावास में चारों बच्चों का दाखिला कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, साथ ही तत्काल मानसी के नाम पर राशन कार्ड जारी कराया। कलेक्टर ने जनचौपाल में प्राप्त आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है, जो आवेदन प्राप्त होने से लेकर उनके निराकृत होने की स्थिति तक की मॉनिटरिंग करेंगे। प्रति सप्ताह आवेदनों की अद्यतन स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसकी जिम्मेदारी जेआर शतरंज डिप्टी कलेक्टर, नीरज कौशिक डिप्टी कलेक्टर और टेकचंद अग्रवाल संयुक्त कलेक्टर को सौंपी गई है।



## सहायक वर्ग-02 व लेखापाल संवर्गीय पदों पर वरिष्ठता सूची जारी

**अंबिकापुर।** संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने बताया कि सहायक वर्ग-02 संवर्गीय तथा लेखापाल संवर्गीय पदों की 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में संशोधित अंतिम वरिष्ठता सूची जारी किया गया है। प्रकाशित अनंतिम वरिष्ठता सूची संबंधी सूचना सरगुजा के वेबसाइट पर तथा कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के सूचना पटल पर प्रकाशन व चस्पा कर दिया गया है।

# नशीली इंजेक्शन के साथ लग्जरी वाहन में सवार आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** इनोवा वाहन में नशीले इंजेक्शन का परिवहन व खरीद-बिक्री की सूचना पर पुलिस ने शहर के मौलवी बांध के समीप दबिश देकर 180 नग इंजेक्शन के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से इनोवा वाहन को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत कार्रवाई के बाद जेल दाखिल कर दिया है। प्रतीक्षा बस स्टैंड के पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली की शहर के मौलवी बांध के पास अज्ञात व्यक्ति इनोवा वाहन में नशीले इंजेक्शन की बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश में है। इसकी सूचना उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी और उनके मार्गदर्शन में अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लिया। तलाशी में इनोवा वाहन में 180 नग नशीला इंजेक्शन पाया गया। पुलिस ने इंजेक्शन व इनोवा वाहन को जब्त कर आरोपी मो.याकूब निवासी मोमिनपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 22(सी) एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है और उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है। कार्रवाई में पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी के साथ आरक्षक मंटू गुप्ता, विमल कुमार, संजय तिवारी, रमेश राजवाड़े की सक्रिय भूमिका रही।

## दीवार पर हस्त चिन्ह लगाकर दिलाई स्वच्छता की शपथ



**अंबिकापुर।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 28-29 के निवासियों के साथ स्वच्छता संबधी चर्चा हेतु वार्ड सभा का आयोजन पुलिस लाइन कॉलोनी में किया गया। सभा में स्वच्छता प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वार्ड सभा में आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा नगर स्वच्छता के महत्व एवं नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही कहा कि आप सभी के सहयोग से हमेशा अंबिकापुर स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, इस भावना को हमेशा बनाए रखना और स्वच्छता दीदियों का सहयोग करना, वार्ड में सफाई बनाए रखना है। मंगलवार को आयोजित वार्ड सभा को संबोधित करते हुए नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला ने निगम आयुक्त को स्वच्छता कार्यक्रम हेतु पुलिस लाइन का चयन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही बताया कि पुलिस लाइन के आवासीय परिसर में सदैव वार्डवासी स्वच्छता में सहयोग करते हैं, आगे भी इस प्रकार की सहभागिता रहेगी। इसका परिणाम अंबिकापुर की स्वच्छता रैंकिंग में नजर आता है। वार्ड पार्षद अजय प्रताप सिंह ने वार्डवासियों से स्वच्छता दीदियों को निरंतर सहयोग प्रदान करने की अपील की। वार्ड सभा में वार्ड में उत्कृष्ट सहयोग करने वाले पांच नागरिकों व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पांच बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही जो पूर्व में सहयोग नहीं करते थे उन्हें समझाइश देकर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की समाप्ति पर वार्ड के एक दीवार का नागरिक सहभागिता दीवार के रूप में चयन कर सभी ने हस्त चिन्ह लगाकर स्वच्छता की शपथ ली।

## छात्रा के साथ फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से छेड़छाड़ मामले में जुर्मदर्ज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** छात्रा के अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए वीडियो कॉल पर ब्लैकमेलिंग करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्मदर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि नगर की एक छात्रा गतदिनों परिवार के साथ शादी समारोह में गई थी। वहां पर आरोपियों क्रमशः शिवनन्दनपुर तालाबपारा निवासी अभिषेक उर्फ गोलू गुप्ता पिता प्रेम गुप्ता एवं दीपू शर्मा पिता मदन शर्मा द्वारा छात्रा का फोटो खींचा गया था। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा नेहा कश्यप व मनीष माही के नाम पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर छात्रा के परिवार के फोटो को अश्लील बनाकर भेजा गया था, जिसे बाद में डिलीट कर दिया गया। 19 मार्च को छात्रा की एक सहेली ने बताया कि उक्त दोनों फर्जी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल किया गया है। जानकारी मिलने पर छात्रा ने घटना की सूचना परिजन व आसपड़ोस के लोगों को दी। इसके पश्चात एक दिन फर्जी इंस्टाग्राम आईडी पर एक अज्ञात युवक नग्न वीडियो कॉल किया और बाद में छात्रा को धमकी दिया कि तुम्हारी भी नग्न वीडियो कॉल आनी चाहिए। ऐसा न किए जाने पर आरोपी द्वारा छात्रा का अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर आईडी में वायरल किए जाने की धमकी दिया गया। छात्रा द्वारा भयवश जब उक्त फर्जी आईडी के पासवर्ड से जांच किया तब दोनों आरोपियों का खुलासा हो सका। छात्रा ने मंगलवार को मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 509 ख, 67 बी के तहत जुर्मदर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

# संकुल स्तरीय पढ़ई तिहार मेले का आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** अंगना मा शिक्षा 3.0 अंतर्गत पढ़ई तिहार मेले का आयोजन कन्या विश्रामपुर संकुल के सभी प्राथमिक विद्यालयों में किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रीष्मावकाश में बच्चों को शिक्षा से जुड़े रखने एवं उनकी देखभाल हेतु माताओं को प्रशिक्षित एवं जागरूक करना था। आयोजन में सभी बच्चे अपनी माताओं के साथ उपस्थित थे। इसमें विशेष रूप से 5 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों एवं उनकी माताओं को फोकस कर उन्हें सपोर्ट कार्ड भी दिया गया। इस मेले में 9 काउंटर बनाकर 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का मेले में परीक्षण कराया गया। उनके साथ अन्य आयु वर्ग के बच्चे भी अपनी माताओं के साथ इस मेले में आए थे। माताएं ग्रीष्मावकाश के दौरान अपने बच्चों की पढ़ाई उनके घर में उपलब्ध घरेलू संसाधनों से किस प्रकार से करा सकती हैं, इसके लिए माताओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से माताओं को यह विश्वास दिलाया गया कि वे अपने बच्चों को घर पर ही शाला पूर्व तैयारी कराने में सक्षम हैं। माताओं को सपोर्ट कार्ड की अहमियत बताया गया एवं उसमे किए जाने वाले उनके हस्ताक्षर के बारे में बताया गया। एएमसी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में इस माह का एजेंडा जो कि अच्छी आदतें हैं, पर ध्यान केन्द्रित कराकर जून में नए सत्र की शुरुआत से पूर्व बच्चों के भीतर अच्छी आदतों का विकास माताएं कर सके इस बाबत बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव माताओं को दिया गया।इस दौरान प्रशिक्षक के रूप में नमिता निगम, मनीषा लकड़ा, रंजना गुप्ता, सुषमा दत्ता, कमला मिंज, वंदना श्रीवास्तव, तृप्ति तिवारी, संगीता गुप्ता, वंदना तिवारी, यासमीन, प्रभा एक्का, आशा तिवारी, रीता ठाकुर व अन्य सक्रिय रहे।






### संकुल समन्वयक ने किया निरीक्षण

कार्यक्रम के दौरान संकुल प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में प्रत्येक स्कूल में जाकर विश्रामपुर संकुल समन्वयक गौरी शंकर पांडेय ने निरीक्षण किया एवं इस कार्यक्रम की महत्ता एवं उद्देश्य के बारे में बताया।

### स्मार्ट माता का हुआ चयन

मेले में उपस्थित माताओं के बीच से प्राथमिक शाला कन्या शिवनंदनपुर से स्मार्ट माता के रूप में श्रीमती नमिता देवी एवं कंचन गुप्ता, प्राथमिक शाला बालक शिवनंदनपुर से पूनम देवी एवं बिंदु गिरी, प्राथमिक शाला चोपड़ा विश्रामपुर से रीमा पासवान, प्राथमिक शाला स्टेशनपारा कुंजनगर से अनिता चौहान को चुना गया। स्मार्ट माताओं को एसएमसी सदस्यों की उपस्थिति में क्राउन एवं सैशलगाकर सम्मानित किया गया।

# सभी विकासखण्डों में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

## विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को किया गया जागरूक

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में जिले मलेरिया बीमारी से लड़ने विश्व मलेरिया दिवस सभी विकासखण्डों में मनाया गया। जिसके तहत् विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे रैली, चित्रलेखन, नारा लेखन, पम्पलेट वितरण, जागरूकता वाहन के माध्यम से मलेरिया मुक्त बलरामपुर-रामानुजगंज बनाने के लिए प्रचार-प्रसार कर जनजागरूकता लायी गयी।

गौरतलब है कि जिले में मलेरिया की स्थिति पहले से बेहतर हुई है, सभी ग्राम पंचायतों में मितानिन कार्यक्रम के माध्यम से मितानिन दीदीयों द्वारा नारा लेखन व रैली का आयोजन किया गया। साथ ही पारा बैठक लेकर मितानिन दीदियों के द्वारा मलेरिया रोग से बचाव एवं उपचार पर चर्चा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 में मलेरिया उन्मूलन हेतु क्रॉस बॉर्डर मीटिंग राज्य शासन के सहयोग से रामानुजगंज में आयोजित किया जायेगा। जिसमे झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश राज्य के सीमावर्ती जिलों के अधिकारी शामिल होगें तथा मलेरिया रोग के विषय में आपसी समन्वय के तहत् सीमावर्ती क्षेत्रों में इसके रोकथाम एवं बचाव पर चर्चा की जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि मलेरिया बीमारी को लेकर हम सतर्क हैं, पूर्व में जिले में वर्ष 2017 में 11008 मलेरिया रोगी थे परंतु जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के आपसी समन्वय तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले को मलेरिया मुक्त बनाने हेतु सभी विकासखण्डों में मलेरिया मुक्त अभियान व मच्छरदानी वितरण, मलेरिया जागरूकता रैली व जागरूकता रथ का आयोजन किया गया जिसका बेहद ही प्रभावशाली असर देखने को मिला तथा वर्ष 2022 में कुल 73 मलेरिया से पीड़ित है।




# पुरानी रंजिश पर महिला के साथ मारपीट, जुर्मदर्ज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** पुरानी रंजिश पर आज दंपत्ति ने एक महिला के दुकान में जाकर अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर दिया है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत मदनपुर में एनएच 43 किनारे नारियल पानी व चाय दुकान चलाने वाली प्रार्थिया विशाखा पति सुखदेव के साथ गांव के ही आरोपी दंपत्ति अमल दास पिता हरिदास, शिखा दास पति अमल दास कुछ अन्य लोगों के साथ सुबह दुकान में पहुंचकर पुरानी रंजिश पर प्रार्थिया के दुकान में अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिया है। प्रार्थिया विशाखा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्मदर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

## पालन-पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की हुई बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर की अध्यक्षता में पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक सभा कक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की आज से पहले जिले में कुल 72 बच्चे प्रवर्तकता के लिए पात्र पाये गए है। जिनका संयुक्त खाता खोला जा चुका है। प्रवर्तकता के अन्तर्गत प्रत्येक बच्चे को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 हजार रुपये प्रति माह शिक्षा हेतु सहयोग राशि प्रदान किया जाता है। मिशन वात्सल्य के तहत् उक्त लाभ दिया जाता है। बैठक में कलेक्टर की अनुशंसा पर 04 बच्चों को पात्र घोषित किया गया एवं 07 बच्चों को अपात्र घोषित किया गया। 06 बच्चों का गृह अध्ययन रिपोर्ट फिर से कराने के निर्देश पर फिर से 06 बच्चों का गृह आययन रिपोर्ट मंगा कर फिर से बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने योजना का लाभ सभी गरीब परिवारों को दिलाने के निर्देष दिये। उन्होंने कहा कि गृह अध्ययन रिपोर्ट स्पष्ट होना चाहिए, ताकि पात्र अपात्र ना हो और जो अपात्र है, उन्हें इस योजना का लाभ न मिल जाय। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुश्री किरण बघेल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी के समन्वयक सुमेश्वर सिंह उपस्थित थे।



## बीएमएस का राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन आज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा आज 26 अप्रेल को राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यह धरना प्रदर्शन सभी जिला मुख्यालयों में होगा। इसमें बीएमएस से सम्बद्ध सभी इकाइयां भी सम्मिलित होंगी। राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन का निर्णय पटना में आयोजित हुए भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया गया था। इस आंदोलन के जरिए सभी को सामाजिक सुरक्षा, ठेका प्रथा बंद करने, न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जिविका मजदूरी तय करने, आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बनाने की मांग की जाएगी। जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## जमदेई संकुल में मनाई गई अंगना म शिक्षा कार्यक्रम

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कोरोना काल में छोटे बच्चों के पढाई के नुकसान को पुरा करने के लिए राज्य के शिक्षक शिक्षिकाओं के नेतृत्व में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का तीसरा वर्ष मनाया जा रहा है, जिसे अंगना म शिक्षा 3.0 पढ़ई तिहार के रूप में आज छत्तीसगढ़ में मनाया गया। छत्तीसगढ़ में माताओं को जोड़कर बच्चों को घर पर पढ़ाई सीखने में सहयोग देने के लिए 'अंगना म शिक्षा' कार्यक्रम को काफी अच्छी सफलता मिली है।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड से भी नवाजा गया है। राज्य में अभी तक पिछले दो वर्षों में इस कार्यक्रम से तीन लाख से अधिक माताएं सक्रिय रूप से जुड़ चुकी हैं और बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। आगामी शिक्षा सत्र से अधिक से अधिक स्कूलों में बच्चे सुघ्घर पढ़वैय्या कार्यक्रम में निर्धारित अपेक्षित स्तर तक पहुंच सकें, इसके लिए अंगना म शिक्षा- 3.0 का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में 14 नवम्बर 2022 को बच्चों की शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए सुघ्घर पढ़वैय्या कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की थी। राज्य की सभी बसाहटों में माताओं को इस कार्यक्रम से जुड़ते हुए एक्टिव मदर कम्युनिटी का गठन किया जाएगा। इस कार्य को निकट के स्कूलों की शिक्षिकाओं की देख-रेख में सभी स्थानीय महिलाएं जिनके बच्चे प्राथमिक स्कूलों में पढ़ते हों, को अनिवार्यतः शामिल किया जाएगा। इसमें सहयोग के लिए पूर्व में चयनित स्मार्ट माताओं और बड़ी कक्षा में अध्ययन करने बच्चों को अपनी टीम में शामिल किया जाएगा। एक्टिव मदर कम्युनिटी में प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययन कर रहे बच्चों की माताओं के साथ-साथ शाला प्रबंधन समिति में शामिल माताएं, शिक्षा में रूचि लेने वाली महिलाएं, स्व-सहायता समूह में शामिल महिलाओं को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। आउट ऑफ स्कूल, ड्राप आउट बच्चों को जोड़कर उनसे इस कार्यक्रम में सहयोग लिया जाएगा। आयोजन आज संकुल केंद्र जमदेई के सभी स्कूलों में देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य जयप्रकाश राजवाड़े संकुल समन्वयक राजेंद्र प्रसाद , घुमकाटिकरा के प्रधान पाठक मोहम्मद नौशाद आलम, संकुल नोडल राम किशुन राजवाड़े, मंजू प्रसाद सक्रिय रहे।



# कृष्णा स्वच्छाग्राही समूह ने कचरा बेच कर कमाए एक लाख रुपये

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत ओड़गी अंतर्गत कृष्णा महीला समुह स्वच्छाग्राहीयों के द्वारा डोर-टू-डोर कचड़ा संग्रहण किया जा रहा है।

कृष्णा महीला समूह के अध्यक्ष सुनिता व सचिव रितु यादव के साथ सदस्य सुमित्रा, लिलावती, पुर्णिमा, राजकुमारी, मुन्नीबाई, के द्वारा प्रति दिन डोर-टू-डोर भ्रमण करने के साथ दुकान परिसर एवं शासकिय भवन अस्पताल, स्कूल, हास्टल का साफ-सफाई करते हुए कचड़ा कलेक्शन किया जाता है। समुह के द्वारा पिछले दस माह से कचड़ा सेगिग्रेशन शेड़ में संग्रहण किया जाता है, समुह के द्वारा संग्रहित कचड़ा का फिल्टींग कर अलग-अलग प्रकार के समुहों में छटाई किया जाता है। जिसमे सिंगल यूज प्लास्टिक के बॉटल, डिस्पोजल, पेपर, कार्टुन, किताब कॉपी, मोटे पुठठे कोंच का बॉटल, टिना, लोहा के टूकडे आदि को कचड़ा शेड में छटाई कर बिक्रय किया जाता है। कृष्णा महिला समुह के द्वारा अब तक एक लाख रूपये से उपर का कचड़ा बेचा गया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामिण) के इस योजना के क्रियान्वयन से समुह के सदस्यों के जीवन में खुशहाली आयी है तथा वे आजीविका गतिविधि करते हुए आर्थीक सषक्तिकरण की ओर आगे बढ़ रहे है। कचड़ा संग्रहण से प्राप्त आमदनी से उनके दैनिक घरेलू वस्तुओं तथा बच्चों कि पढाई लिखाई में मददगार साबित हो रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ओड़गी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जनपद पंचायत ओड़गी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत, जैसे कुदरगढ़, दवना, लांजीत, बिहारपुर, धरसेड़ी, नवगई. कचड़ा संग्रहण का कार्य समुह के दिदियों के द्वारा कचड़ा संग्रहण किया जा रहा है, आने वाले समय में अन्य समूहों को भी आजीवीका का साधन बनेगा।




# फांसी पर लटका युवक, पुलिस जांच में जुटी

**गरियाबंद। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला मुख्यालय से तीन किलोमीटर दूर ग्राम भिलाई के एक युवक का शव फांसी में लटका गाँव से लगें पैरी नदी के किनारे पाया गया जिसकी रिपोर्ट मृतक के परिजनों द्वारा गरियाबंद सीटी कोतवाली में किया गया , जिसमे कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।घटना के विषय मे मिली जानकारी के अनुसार मृतक 25 वर्षीय ऐश्वर्य निषाद पिता महेश निषाद अपने दोस्तो के साथ पिकनिक मनाने गया था।वही शाम को ऐश्वर्य के अलावा सभी साथी वापस गाँव आ गए लेकिन ऐश्वर्य नही आया ,तब ऐश्वर्य के परिजनों के द्वारा पूछे जाने पर ऐश्वर्य को नदी किनारे रूके होने की बात साथियों द्वारा बताए। उसके पश्चात मृतक के परिजन ऐश्वर्य की तलाश में गए,जहाँ नदी किनारे एश्वर्य अपने ही गमछे के सहारे फांसी पर लटकते देखे।इस बात की जानकारी गरियाबंद सीटी कोतवाली को दिए तब पुलिस टीम शाम सात बजे मौके पर पहुची और शव का पंचनामा बनाते हुए शव को उतारे और जिला अस्पताल लेकर आए लेकिन शाम ज्यादा होंने के चलते मृतक का पोस्टमार्टम दूसरे दिन सुबह कराने की बात कहे।वही घटना पर मर्ग कायम करते हुए पुलिस जांच कर रही है।

## महिला कांग्रेस की प्रतापपुर विस प्रभारी बनीं छंदा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन



**बिश्रामपुर।** महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती फूलो देवी नेताम ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मोहन मरकाम के अनुशंसा पर महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव छंदाश्री को संगठन का प्रतापपुर विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

# कलेक्टर ने परियोजना, सेक्टर एव कुपोषण के स्तर को कम करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित, लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने विभागीय अधिकारी को दिए निर्देश





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक के दौरान मार्च 2023 में परियोजना, सेक्टर एवं केंद्र में कुपोषण के स्तर को कम करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विशेष सुपोषण चौपाल में विशेष सहभागिता के लिए डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा को भी सम्मानित किया गया साथ ही राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार सिन्हा को शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर के शिक्षित योग्यताधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला के पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया समय-सीमा में सम्पन्न कराने पर सम्मानित किया है। सक्रिय कार्यप्रणाली से अभ्यर्थियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए साथ ही सभी विभाग के लंबित प्रकरणों को समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने माननीय मुख्यमंत्री जी के भेट् मुलाकात कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं के पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की जानकारी ली तथा शेष कार्यों को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रम विभाग अंतर्गत श्रमिक पंजीयन कार्य की जानकारी ली और प्रसूति योजना के तहत श्रमिक पंजीयन बेहतर करने पर सराहना करते हुए नियमित एवं निरंतर करने लिए कहा है। उन्होंने मजदूरी भुगतान समय पर करने की बात कही। बिजली विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली बिल ज्यादा आ रहे हैं तो उसका आवश्यक जांच कर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने गौठान में बिजली, पानी, चारा सहित सभी अन्य अधोसंरचना की निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टो ईट, फूड की वितरण व्यवस्था नियमित करने के निर्देश दिए। किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केसीसी की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग को समय-सीमा के लंबित प्रकरण का निराकरण करने प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएफओ, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# प्लांट के मैकेनिक से नगदी रकम लूट, मारपीट कर फरार रहने वाला तीसरा आरोपी संदीप राम उर्फ बोया भी हुआ गिरफ्तार

## आरोपियों ने अप्रैल 2022 में अन्य एक साथी के साथ मिलकर घटना को दिया था अंजाम

**चौकी आरा थाना सिटी कोतवाली जशपुर में आरोपियों के विरूद्ध धारा 387, 394 भा.द.वि. का अपराध है पंजीबद्ध.**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** प्रकरण के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी महादेव मिस्त्री उम्र 42 साल निवासी मेयतु थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग (झारखंड) ने दिनांक 21 अप्रैल 2022 को चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह आरा क्षेत्र के एक पत्थर क्रेशर प्लांट का मैकेनिक है। वह दिनांक 17 अप्रैल 2022 की रात्रि 8ः00 बजे लगभग क्रेशर के पास बने मकान के बरामदा में बैठा हुआ था। इसका साथी कमलेश कमरे के अंदर सोया हुआ था, उसी दौरान उनके पास 04 अज्ञात व्यक्ति आये और इसे भुजाली की नोक पर पकड़कर मारते-पीटते पास के जंगल की ओर ले गये और अपने मालिक को फोन कर 50 हजार रूपये मांगने बोले, उस दौरान प्रार्थी के फोन में नेटवर्क नहीं था। तब उक्त चारों व्यक्ति उसे बोले कि दिनांक 18 अप्रैल 2022 तक अपने मालिक से 20 हजार रूपये मांगकर ला देना कहते हुये उसके पॉकेट में रखे 500/- रूपये को लूट लिये एवं डंडा से चेहरा, पीठ में मारपीट किये एवं रात्रि लगभग 01ः00 बजे उसे छोड़ दिये। प्रार्थी ने अपने साथ घटित घटना को अपने साथी एवं क्रेशर मालिक को बताया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चौकी आरा में उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पतासाजी के दौरान मुख्य आरोपी धर्मेन्द्र राम उम्र 26 साल निवासी माघेटोली चौकी आरा को दिनांक 09 मार्च 2022 को एवं सतीश सोरेन उम्र 19 साल निवासी माघेटोली चैकी आरा को दिनांक 21 मार्च 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। प्रकरण की विवेचना के दौरान अन्य नामदज आरोपी संदीप राम उर्फ बोया पुलिस के लगातार दबिश देने से लुक-छिप रहा था, जिसके द्वारा समर्पण करने पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया। आरोपी संदीप राम उर्फ बोया उम्र 25 साल निवासी माघेटोली चौकी आरा के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे दिनांक 24 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया है। घटना का अन्य एक आरोपी फरार हैं, जिनकी लगातार पतासाजी की जा रही है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक जबेरियुस एक्का, प्रधान आरक्षक 390 कृपा सिंधु तिग्गा, आरक्षक 02 बेलसाजर, आरक्षक 450 कुलरंजन, आरक्षक प्रवीण की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# चिरायु ने लौटाई 90 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों की मुस्कान

**6 हजार कोरवा परिवारों को मिला मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का लाभ पालकों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित चिरायु योजना दूरस्थ अंचल के बच्चों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। बच्चों के गंभीर बीमारी को चिन्हांकित करके उनके लिए इलाज की व्यवस्था करती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बच्चों के ईलाज के लिए बड़े से बड़े अस्पताल में भेजा जाता हैं और प्रशासन ईलाज का पूरा खर्च वहन करता है। जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के प्रयास से 90 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बच्चों को चिरायु योजना का लाभ मिला। मुख्यमंत्री हाटबाजार क्लिनिक योजना के तहत 6 हजार विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण करके निःशुल्क दवाई दी गई है। चिरायु के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविन्द रात्रे ने बताया कि चिरायु योजना का लाभ देने के लिए बच्चों का चिरायु टीम द्वारा चिन्हांकन किया जाता है और बच्चों का पोर्टल में एंट्री की जाती है। गंभीर बिमारी से ग्रसित बच्चों को रायपुर के बड़े अस्पताल में सफल ऑपरेशन कराया जाता है। बच्चों के पालकों ने बताया कि सफल ऑपरेशन के बाद अब बच्चे स्वस्थ हैं। हंसते खिलखिलाते देखकर खुश होती और आंखें भर आती है। सभी पालकों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को सफल ऑपरेशन के लिए धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जिले में 15 चिरायु टीम काम कर रही है। प्रत्येक टीम अपने-अपने विकासखण्ड के आंगनबाड़ी और शासकीय स्कूलों का निरीक्षण माह में दो बार करती हैं। गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों का चिन्हांकन करके उनके इलाज की सुविधा उपलब्ध कराती है। डॉ. अरविन्द ने बताया कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के बच्चों का सफल ऑपरेशन कराया गया है। इनमें होंट एवं तालु की विक्रति की 01 बच्चे, जन्मजात हृदय रोग के 06 बच्चे, त्वचा संबंधित रोग के 23 बच्चे, दंत रोग के 11 बच्चे, कान संक्रमण वाले 09 बच्चे, दृष्टि दोष के 13 बच्चे और अतिकुपोषित के 06 बच्चे, रक्तात्पता के 07 बच्चे सहित अन्य रोग के 14 बच्चों का सफल ईलाज कराया गया है। उन्होंने बताया कि बगीचा विकासखण्ड के शिवकुमार और सावित्री बाई जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित थे। जिसका एम्स अस्पताल रायपुर में सफल ऑपरेशन कराया है। इसी प्रकार जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित अनिमा बाई, साहिल बनवासी, आनन्द राम और सुनिता बाई का एमएमसी अस्पताल रायपुर और मनीषा बाई के कटे-फटे होंठ का ऑपरेशन मेडिशाईन हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया है।

# जिला अस्पताल में थायरॉइड विकार संबंधी निःशुल्क शिविर सम्पन्न




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन जशपुर एवं संगवारी संस्था अम्बिकापुर के संयुक्त प्रयास से आज जिला अस्पताल में थायरॉइड विकार संबंधी निःशुल्क ईलाज एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थायरॉइड विशेषज्ञ डॉ. चैतन्य के द्वारा थायरॉइड मरीजों का ईलाज कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर में 80 मरीजों का पंजीयन किया गया। जिसमें थायरॉडट से संबंधित 52 मरीजों का सैम्पल लिया गया और 02 मरीजों को सर्जरी के लिए चिन्हांकित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व से ही थायराइड मरीजों का चिन्हांकन करके सैम्पल लिया गया और रिपोर्ट के आधार पर सभी मरीजों को निशुल्क दवाई दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा दूरस्थअंचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए मैगा हैल्थ कैम्प, कुष्ठ निवारण शिविर सभी विकासखण्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गंभीर बिमारी, समान्य बिमारी एवं अन्य प्रकार के बिमारियों का भी बेहतर ईलाज किया जा रहा है। गंभीर मरीजों को प्रशासन द्वारा रायपुर के बड़े अस्पतालों में भेजा जा रहा है और विशेषज्ञों के देखरेख में सफल ऑपरेशन भी करवाया गया है।

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान, जिला सूरजपुर, (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–2 / 2022–23
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत ठाढ़पाथर को सूचित किया जाता है कि श्री रामानुज पाठक पिता वेदान्ति पाठक निवासी ठाढ़पाथर के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 641/3 रकबा 0.58 हे. जो ग्राम ठाढ़पाथर प.ह.नं. 3 रा. नि.मं. बिहारपुर तहसील बिहारपुर जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में ग्राम पंचायत ठाढ़पाथर के किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 08.05.2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

---

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर–02 जिला–सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. अ–6 / 2022–23
**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ताज मोहम्मद आ0 अलीम शेख, निवासी ग्राम बौरीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम रनपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/12 में से रकबा 0.024 हें0 दिनांक 01.03.1993 को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर क्रय किया गया था पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण क्र. 08 दिनांक 18.01.1996 को उक्त भूमि का नामांतरण आवेदन के पक्ष में हुआ था, परन्तु तर्वमान राजस्व अभिलेखों में विक्रय उर्मिला बाई पति चम्मूलाल का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा पंजीबद्ध विक्रयपत्र दिनांक 01.03.1993 के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कराते हुए अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08.05.2023 से न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 19.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर–02

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ, जिला–मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छ0ग0)
(नारायणदास रोचलानी प्रति छ0ग0 शासन)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.
202206010400017 / ब–121 / 2022–23

नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायणदास रोचलानी आ0 स्व0 धर्मदास रोचलानी, निवासी वार्ड नं. 07, मनेन्द्रगढ़, तत्कालीन जिला–कोरिया (छ0ग0) ने इस न्यायालय में आवासीय प्रयोजन हेतु भवन निर्माण अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया है कि आवेदक के नाम पर नगर मनेन्द्रगढ़, राजस्व निरीक्षक व तहसील–मनेन्द्रगढ़ स्थित नजूल भूमि प्लॉट नं. 209 रकबा 1960 वर्गफुट भूमि नजूल मेंटेनेंश खसरा में दर्ज है। उक्त वर्णित नजूल प्लॉट पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 21.01.1985 को क्रय किया उपरोक्त नजूल भूमि पर ले आउट (ब्लूप्रिंट) के अनुसार आवासीय प्रयोजन हेतु मकान बनवाना चाहता है। ऐसा आवेदन पेश करते हुए उक्त ख.नं. 209 रकबा 196 वर्गफुट भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु भवन निर्माण की अनुमति दिये जाने की याचना अपने आवेदन पत्र में की हैं अतः उपरोक्त वर्णित भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु मकान निर्माण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है, तो दिनांक 08.05.2023 तक पेश कर सकता है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 18.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
मनेन्द्रगढ़, जिला एम.सी.बी.(छ.ग.)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार सिदार पिता जयराम जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796 में से रकबा 0.020 हे0 में से रकबा 2180 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला
क्रमांकः
202304020700107 / 202304020700107
विषयः– ब–121 मामले की श्रेणीः– राजस्व सन्ः– 2022–23
नमना कला प.ह.नं. 00020 {(हे0)}
पक्षकारो का विवरण –
आवेदक पक्षकार – रामजी आ0 रूपसाय,
आनावेदक पक्षकार –छ0ग0 शासन,
**ईश्तहार**

आवेदक रामजी आ0 रूपसाय व अन्य, निवासी ग्राम पहाड़गांव, तहसील लटोरी जिला सूरजपुर (छ0ग0) वास्ते मुख्तारनामा आम शिवधर आ. अमर साय, निवासी गंगा. पुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरग. जा छ.ग. के द्वारा ग्राम नमनाकला, स्थित खसरा नम्बर 622/2 रकबा 0.041 हे. भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवे. दन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध मे जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 08.05.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार पिता जयराम जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796 में से रकबा 0.140 हे0 में से रकबा 13081 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर–02 जिला–सरगुजा (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / ब–121 / 2022–23
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो0 फारूक आ0 स्व0 अब्दुल रसीद, निवासी मानिकप्रकाशपुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक डब्लू पी (सी) संख्या 642/2023 पक्षकार मो0 फारूख बनाम छ.ग. शासन में पारित आदेश दिनांक 07.02.2023 एवं राजस्व मंडल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्र. क्र.–एम/16/आर/बी–121/40/2020 पारित आदेश दिनांक 01.09.2020 के परिप्रेक्ष्य में ग्राम मानिकप्रकाशपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 188/3 रकबा 0.052 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में अपना नाम भूमि स्वामी के रूप में नाम दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12.05.2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर–02

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुकमति सिदार आ0 अकबार साय जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796 में से रकबा 0.040 हे0 में से रकबा 4360 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक भजन सिंह सिदार पिता मंगल साय सिदार जाति गोड़, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796 में से रकबा 0.120 हे0 में से रकबा 13080 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक जमुना सिदार आ0 बलभद्र सिदार जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796 में से रकबा 0.024 हे0 में से रकबा 2616 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधनी सिदार पिता सारू साय जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796/1 में से रकबा – हे0 में से रकबा 209 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण सिदार आ0 बलवंत जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796 में से रकबा – हे0 में से रकबा 209 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ0ग0)
रा.प्र.क्र. / अ–20(2) / 2022–23
ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव
**ईश्तहार**


एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसिंह सिदार आ0 सुंदर साय सिदार जाति गोड, निवासी– भाथुडाड वा. क्र. 15 पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम भाथुडाड पत्थलगांव प0ह0नं0 06 तहसील पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट/ ख0 नं0 796/1 में से रकबा – हे0 में से रकबा 209 वर्गफुट नजूल भूमि आवेदक के नाम पर व्यवस्थापन पर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 25.04.2023 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

चिंतन

# कौशल व दक्षता आधारित शिक्षा भविष्य की जरूरत

राष्ट्र निर्माण, समाज निर्माण और व्यक्तित्व निर्माण में सबसे अहम भूमिका शिक्षा की है। शिक्षित व्यक्ति ही विवेकशील व तर्कपूर्ण समाज का निर्माण करता है। शिक्षा जहां मानव का समग्र विकास करती है, वहीं वह वक्त व बाजार की जरूरत के अनुरूप दक्ष भी बनाती है। जैसे-जैसे विकासक्रम बदलता है, वैसे-वैसे शिक्षा का पैटर्न भी बदलता है। आज 21वीं सदी में विश्व की जरूरत बदल रही है, ऐसे में इस बदलाव के अनुरूप ही शिक्षा में भी परिवर्तन होना चाहिए। आज के युग में परंपरागत डिग्री बहुत उपयोगी नहीं रह गई है, बल्कि स्किल बेस्ड शिक्षा अधिक उपयोगी हो गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जी-20 कार्य समूह की बैठक से पहले कहा है कि 'डिग्री' के बजाय कौशल और दक्षता भविष्य को संचालित करेगी तथा नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के चलते पुरानी नौकरियां खत्म होनी शुरू हो गई हैं और नई नौकरियां सृजित हो रही हैं। मानव बुद्धिमत्ता की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ निरंतर प्रतिस्पर्धा का दौर शुरू हो गया है। मौजूदा युग डिजिटल क्रांति का है, इसलिए शिक्षा के पैटर्न में भी डिजिटल स्किल को समावेश करने की आवश्यकता है। अभी अगर बाजार को देखें, तो डिजिटल क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है, सभी क्षेत्र की कार्यप्रणाली को डिजिटल सिस्टम बदल रहा है। चालू सदी डिजिटेक, बायोटेक व नैनो टेक की है, इसलिए शिक्षा भी इन क्षेत्रों के अनुरूप होनी चाहिए। डिजिटल क्रांति ने दिखाया है कि अब ट्रेडिशनल डिग्री की उतनी अहमियत नहीं है, अगर कार्यबल स्किल्ड है। आज आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (मशीन लर्निंग), आईओटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, एमएस एक्सेल, डिजिटल मार्केटिंग आदि ऐसे स्किल बेस्ड लर्निंग हैं, जिसमें दक्षता हासिल करना किसी भी ट्रेडिशनल डिग्री की अपेक्षा अधिक रोजगारोन्मुखी है। नवाचार और नई प्रौद्योगिकी के चलते नई नौकरियां उभरती जाएंगी, इसलिए कार्यबल को लगातार कौशल प्रदान करने, दोबारा कौशल प्रदान करने और अतिरिक्त कौशल बढ़ाने की जरूरत है। यह रास्ता स्किल बेस्ड शिक्षा से ही निकलेगा। अपने प्रतिभा, बाजार एवं संसाधनों के एक नैसर्गिक केंद्र के रूप में भारत 21वीं सदी की वैश्विक आकांक्षाओं को पूरा करने में एक अहम भूमिका निभा सकता है। इंटरनेट और वैश्विक कनेक्टिविटी ने हमें वैश्विक जरूरतों के बारे में सोचने का एक अवसर दिया है। जी-20 सम्मेलन भारत के लिए एक मौका है, जिसमें वह अपनी मानव संसाधन क्षमता को संप्रेषित कर सकता है। आज भारत को अपने विशाल उच्च शिक्षा संसाधनों का इस्तेमाल परंपरागत डिग्री के बजाय स्किल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए करना चाहिए। भारत में कौशलयुक्त व दक्ष कार्यबल का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है। सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश बनने के बाद सरकार पर महती जिम्मेदारी है कि वह भारत के कार्यबल का अधिक से अधिक सदुपयोग करे। इसके लिए भारत चीन से सीख सकता है। चीन ने अपने 95 फीसदी कार्यबल का सदुपयोग राष्ट्र निर्माण व वेल्थ क्रिएशन में किया है। आने वाले कुछेक दशक में भारत के पास सबसे अधिक युवा कार्यबल होगा, जबकि चीन इस मामले में पिछड़ जाएगा, इसलिए भारत को अपने कार्यबल को मौजूदा जरूरत के मुताबिक अधिक शिक्षित, प्रशिक्षित, कौशल व दक्ष बनाते रहने के लिए सतत एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर व शैक्षिक तंत्र का निर्माण करना चाहिए।



पंचायती राज दिवस

नरेंद्र सिंह तोमर

# गांव के विकास में एक 'नया अध्याय'

पंचायती राज संस्थाओं के अथक परिश्रम के बल पर हम ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त गांव, स्वथ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर अधोसंरचना से युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासित गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। भारत सरकार के 21 संबद्ध मंत्रालयों के 26 विभागों के साथ ही राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पंचायती राज संस्थाएं इस लक्ष्य को समय से पूर्व प्राप्त करने की दिशा में तेजी से चल पड़ी हैं।

राष्ट्र का चतुर्दिक विकास, सर्ववर्ग का कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत का मान, यह एक ऐसी त्रिवेणी है जो आजादी के इस अमृतकाल में हमें भारत भूमि पर फूटती दिखाई दे रही है। यह भारत उत्थान का एक नया अध्यााय है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में आजादी के इस अमृतकाल में लिखा जा रहा है। वस्तुतः देखा जाए तो विगत 9 वर्ष मोदी जी के नेतृत्व में भारत के उत्कर्ष, नव उदय और उत्थान के वे स्वर्णिम अध्याय हैं जो भविष्य के आत्म निर्भर भारत की बुनियाद बन रहे हैं। स्वतंत्रता के 75 वर्ष के बाद के आगामी 25 वर्ष के समय को 'अमृत काल' की संज्ञा दी गई है। इस अमृतकाल में हमारी पंचायती राज व्यवस्थाओं का भी सशक्तिकरण इस प्रभाव के साथ हुआ है कि लोकतंत्र की सबसे जमीनी इकाई हमारी 'ग्राम पंचायतें' आज सबसे सशक्त संस्था के रूप में उभरते हुए ग्रामीणों को आर्थिक विकास और सामाजिक न्याााय प्रदान करने के साथ ही सेवा प्रदाता के रूप में भी अपनी बेहतर भूमिका निभा रही हैं।

24 अप्रैल 2023 को हम त्रिस्तारीय पंचायती राज व्यवस्था के लागू होने की 30 वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। यह तीन दशक पंचायती राज व्यवस्था के लिए कई मायनों में महत्पूर्ण रहे हैं। विगत 9 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने यह प्रयास किया है कि ग्राम स्वराज की अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए 3 एफ-फंड (निधि), फंक्शन (कार्य) और फंक्शनरी (पदाधिकारी) का सीधा हस्तांतरण पंचायत स्तर पर करके उन्हें एक सशक्त स्वायत्त शासी संस्था के रूप में विकसित किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 तक अधिक समानतावादी, अधिक संपन्न और अधिक संरक्षित विश्व बनाने के लिए 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरी दुनिया में हासिल करने का संकल्प लिया है। भारत भी इस संकल्प में एक हस्ताक्षरकर्ता है। चूंकि भारत की लगभग 68 फीसदी आबादी गांवों मे निवास करती है, इसलिए यह आवश्यक है कि हम ग्रामीण स्तर पर एसडीजी को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। पंचायती राज संस्थाओं के अथक परिश्रम के बल पर हम ग्रामीण स्तर पर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से अग्रसर हुए हैं। इसमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त गांव, स्वथ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर अधोसंरचना से युक्त गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासित गांव एवं महिला हितैषी गांव बनाने का ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। भारत सरकार के 21 संबद्ध मंत्रालयों के 26 विभागों के साथ ही राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से पंचायती राज संस्थाएं इस लक्ष्य को समय से पूर्ण प्राप्त करने की दिशा में तेजी से चल पड़ी हैं। अमृतकाल में उठाया गया यह कदम ऐतिहासिक है और इसके परिणाम गांवों के विकास में एक नया अध्याअय लिखेंगे। 24 अप्रैल 2020 को प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर स्वामित्य योजना का शुभारंभ किया था। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा, राज्यों के राजस्व विभाग और सर्वे ऑफ इंडिया के सहयोग से संचालित यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव लाने वाली योजना है। ड्रोन के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र के हर घर का नक्शा



तैयार किया जा रहा है। अब तक गांवों में रहने वाले लोगों के पास उनके मकानों के मालिकाना हक का कोई दस्तावेज नहीं था। स्वामित्व योजना के माध्यम दे दिया जा रहा संपत्ति कार्ड ग्रामीणों को 'अभिलेख का अधिकार' प्रदान करता है। अब तक देश में सवा करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार होने की उपलब्धि पर 24 अप्रैल 2024 को रीवा में प्रधानमंत्री जी मध्यप्रदेश के 9 लाख ग्रामीण परिवारों को संपत्ति कार्ड प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता से इसी दिशा में कृषि मंत्रालय 2019 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए तीन किस्तों में किसानों को प्रदान कर रहा है। अब तक देश के लगभग 11 करोड़ किसानों को 2.40 लाख करोड़ रुपए से अधिक प्रदान किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। मिलेट यानि श्रीअन्न (मोटा अनाज) अत्यधिक पौष्टिक है। श्री अन्न की खेती छोटे एवं मझोले किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का भी एक बड़ा साधन बनेगी। कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहित कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कुल बजट इस बार लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपए का है। इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के लिए 60 हजार करोड़ रु., किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए 23 हजार करोड़ रु., डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन को बढ़ावा देने के लिए 450 करोड़ रु. तथा टेक्नोलॉजी द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के संबंध में लगभग 600 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। प्राकृतिक खेती के लिए इस साल बजट में 459 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आगामी 3 वर्षों में देश के 1 करोड़ किसानों को सहायता प्रदान की जाएगी। छोटे-मझौले किसानों को एफपीओ के जरिए संगठित करते हुए उन्हें खेती-किसानी से संबंधित सभी सुविधाएं मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 10 हजार नए एफपीओ बनाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतें अपनी ग्राम पंचायत विकास योजना में एफपीओ के गठन का लक्ष्य रखकर कृषि विभाग के साथ समन्वय से किसानों के कल्यााण में यह कार्य कर रही हैं।

विगत 9 वर्षों में ग्रामीण भारत के परिदृश्य में अभूतपूर्व सकारात्मक परिवर्तन दृष्टिगोचर हुआ है। कई गांव आज अपने सुनियोजित विकास के बल पर शहरों से टक्कर लेने की स्थिति में आने लगे हैं। जो सड़कें गांव से शहर की ओर जाती थीं, आज वे शहरों से गांव की ओर भी लौट रही हैं। प्रधानमंत्री जी का संकल्प था हर गरीब का अपना पक्काा मकान हो। अब तक लगभग 3 करोड़ ग्रामीण परिवारों को अपनी छत दिलाने का संकल्प पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना को और तेज गति देते हुए इस साल इसका बजट करीब 66 प्रतिशत बढ़ाकर 79 हजार करोड़ रु. किया गया है।

प्रधानमंत्री जी ने पिछले साल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (24 अप्रैल 2022) को अमृत सरोवर योजना का शुभारंभ किया था। एक वर्ष में इस दिशा में भगीरथी प्रयास पंचायतों एवं अन्य हितधारकों के द्वारा किए गए और परिणामस्वरूप अब तक लगभग 40 हजार अमृत सरोवर देशभर में बन कर तैयार हो गए हैं, जो कि लक्ष्य का 80 प्रतिशत है।

'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भरता से युक्त एक ऐसे राष्ट्र का पुनर्निर्माण कर रहे हैं जहां सभी के लिए समान अवसर हों। अमृतकाल में सशक्त होती हमारी पंचायती राज व्यवस्था इस बात का प्रमाण है कि शक्तियों का हस्तांतरण जमीनी स्तर पर किया गया है और केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतों ने भी पूर्ण पारदर्शिता और प्रभाव के साथ गांवों के विकास में अपनी गंभीरता दिखाई है।

(लेखक केंद्रीय कृषिमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

दिवस विशेष

डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र का आधार

पंचायती राज व्यवस्था के इतिहास का उल्लेख आजादी के इस अमृत काल से लगभग 4000 ई. पूर्व भारत के वेदों, ग्रन्थों एवं काव्यों में मिलता है। भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का सजीव एवं साकार स्वरूप पंचायती राज व्यवस्था स्वंतत्रता के पश्चात ही दृष्टि गोचर हुआ। पंचायतीराज की परिकल्पना, स्वरूप एवं उसके माध्यम से ग्रामीण विकास की अवधारणा वैदिक काल से भी पूर्व की है। वैदिक काल में तत्कालीन राजा पंचायतों के माध्यम से राज कार्य का दायित्व निर्वहन करते रहे। इस दौरान ग्राम का प्रमुख ग्रामीण होता था जो पंचायतों का प्रमुख था। बौद्ध काल में ग्राम परिषदों की स्थापना की गई, मौर्यकाल में पंचायतों का कार्य क्षेत्र विस्तृत हो गया, गुप्त काल में ग्रामसभा का प्रमुख ग्रामीण होता था, राजपूत काल में पंचायतों का महत्व घट गया और सामन्तों का अधिकार एवं सत्ता आ गई, मध्यकाल के दौरान राज्य की सबसे छोटी ईकाई गांव थी, मुगलकाल में गांव प्रशासन की सबसे छोटी इकाई थी, दसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दक्षिण में पंचायतें पूर्ण अस्तित्व में थीं। ब्रिटिश शासनकाल में भारत की शासन प्रणाली को तहस-नहस करने में सर्वप्रथम पंचायत व्यवस्था को चुना गया, परन्तु यह शासन प्रणाली टूटी नहीं और उसका स्वरूप बिरादरी ने ले लिया अंग्रेजों ने पंचायत के महत्व को समझा और 1920 ईसवी में सभी प्रान्तों में पंचायत अधिनियम पारित कर उसे सीमित अधिकार के साथ क्रियान्वित किया। ब्रिटिश सरकार द्वारा विक्रेन्द्रीकरण के लिए रॉयल समिति का गठन किया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 25 वें अधीवेशन 1910 के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं ने ब्रिटिश सरकार से पंचायतों की स्थापना की मांग रखी। ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीय नेताओं के दबाव में आकर विभिन्न प्रान्तों में पंचायतों के अधिकार को लागू किया यथा-बंगाल स्थानीय सरकार अधिनियम 1919, मद्रास स्थानीय सरकार अधिनियम 1920, बंबई पंचायत अधिनियम 1920, उत्तरप्रदेश पंचायत अधिनियम 1920, बिहार स्व-सरकार अधिनियम 1920, सी.पी. पंचायत अधिनियम 1920, पंजाब पंचायत अधिनियम 1922, असम स्व-सरकार अधिनियम 1925, मैसूर पंचायत अधिनियम 1928, लाल, बाल, पाल, सुभाषचन्द्र बोस, दादाभाई नौरोजी, महात्मा-गांधी ने पंचायतों के गठन एवं ग्राम विकास के लिए विभिन्न आंदोलन किए। रविन्द्रनाथ टैगोर ने 1920 ई. में शांति निकेतन में ग्रामीण सुधार की दिशा में ग्रामीण विकास एवं बाल शिक्षा प्रारंभ की, महात्मा गांधी नें 1932 में सेवा ग्राम से ग्रामीणों के स्वालंबन के लिए योजनाओं का सूत्रपात किया। राज्य के नीति-निर्देशक तत्वों में पंचायतीराज की अवधारणा बहुत महत्वपूर्ण है संविधान का अनुच्छेद 40 "राज्य पंचायतों के स्थापना के लिए आवश्यक कदम उठाएगा और उन्हे ऐसी शक्तियां एवं अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत शासन की इकाई के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए आवश्ययक है।


भारत में लोकतांत्रिक विक्रेन्द्रीकरण की दिशा में पंचायतीराज की स्थापना एवं सामुदायिक विकास की शुरूआत 1952 में 02 अक्टूबर से प्रारंभ की गई, 2 अक्टूबर 1959 को भारत के प्रधानमंत्री पंड़ित नेहरू ने राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज का उद्घाटन कर ग्रामीण विकास के प्रथम चरण की शुरूआत की। 11 अक्टूबर 1959 को पंड़ित नेहरू नें आंध्रप्रदेश में इसका सूत्रपात किया। आंध्रप्रदेश में यह त्रिस्तरीय पंचायतीराज प्रणाली थी, इसके बाद 1960 में असम, मद्रास कर्नाटक सन 1962 में महाराष्ट्र, सन 1964 में पश्चिम बंगाल और इसके बाद दूसरे राज्यों में प्रारंभ हुआ। आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय की स्थापना तथा स्थानीय प्रशासन को उत्कृष्ट बनाएं रखने के लिए 1957 में बलवंत राय मेहता समिति गठित की गई। बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिश को और प्रभावी बनाने के लिए अशोक मेहता समिति, राव समिति एवं सिघवीं समिति का गठन किया।

वर्ष 1989 में भारत सरकार ने संविधान के भाग-09 में पंचायतों को शामिल करने के लिए लोकसभा में 64 वें संविधान संशोधन विधेयक को प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जो पारित नहीं किया गया। प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव ने 1991 में 72वें संशोधन को पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 1992 को स्वीकृति दी गयी, 23 दिसंबर 1992 को राज्यसभा ने इस संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की तत्पश्चात 17 राज्यों की विधान सभाओं ने इस विधेयक का समर्थन किया। पंचायतीराज आधुनिक भारत में 24 अप्रैल 1993 को लागू हुआ 73वां संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, प्रदेश के 27 जिला पंचायतों, 146 जनपद पंचायतों एवं 11656 ग्राम पंचायतों में बसे ग्रामीण परिवार तेजी से विकास के नये कीर्तिमान गढ़ रहे है, इसके लिए प्रदेश सरकार के साथ मिलकर पंचायतों ने कड़ी मेहनत की है। 73वें संविधान संशोधन के 03 वर्ष पश्चात अनुसूचित क्षेत्रें में पंचायतों का विस्तार अधिनियम 1996 लागू किया गया। प्रदेश की लगभग 50 प्रतिशत पंचायत अनुसूचित क्षेत्रें में आती है।

ई–गवर्नेस के द्वारा पंचायतों को सशक्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को देश में वर्ष 2019, वर्ष 2020, वर्ष 2021 में लगातार द्वितीय ई–पंचायत पुरस्कार से भारत सरकार द्वारा नवाजा गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में ई–पंचायत की उपलब्धियों के अंतर्गत डिजिटल हस्ताक्षर द्वारा ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रदेश के सभी 11656 ग्राम पंचायत के संरपच एवं सचिवों को जोड़ा गया है। ई–ग्रामस्वराज मोबाइल एप्प द्वारा कार्य आधारित लेखाकंन का संपूर्ण विवरण ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर ऑनलाइन जनसामान्य हेतु उपलब्ध किया गया है। लोकल गवर्नमेंट डायरेक्टरी द्वारा प्रदेश के समस्त 20588 ग्रामों को एल.जी.डी. कोड द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से जोड़ा गया है, इस डायरेक्टरी से ई–पंचायत के समस्त अनुप्रयोगों को देखा जा सकता है।

*-ठाकुर प्यारेलाल, राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान संकाय सदस्य (पंचायती राज) निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र



काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके।



संकलित

दर्शन

## सफलता मिले तो अहंकार न करें



रामायण और महाभारत में परशुराम का जिक्र है। रामायण में परशुराम जी और श्रीराम की भेंट हुई थी, उस समय परशुराम गुस्से में थे और श्रीराम ने उनका गुस्सा शांत किया था। रामायण में सीता जी कार हो रहा था। स्वयंवर शर्त पूरी करने के लिए श्रीराम ने धनुष उठाया और उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तभी धनुष टूट गया। इसके बाद स्वयंवर में परशुराम जी पहुंच गए। परशुराम जी को देखकर स्वयंवर में मौजूद सभी राजा डर गए।परशुराम जी ने देखा कि धनुष टूटा हुआ है तो वे गुस्सा हो गए और उन्होंने घोषणा कर दी कि जिस व्यक्ति ने ये धनुष तोड़ा है, मैं उसे जीवित नहीं छोड़ूंगा। स्वयंवर में बैठे हुए राजा आपस में बातें करने लगे कि अब ये दो राजकुमार (राम और लक्ष्मण) नहीं बचेंगे। परशुराम को गुस्से में देखकर लक्ष्मण आगे आए। लक्ष्मण भी गुस्सा हो गए। दोनों की बहस होने लगी। तब श्रीराम ने दोनों की शांत किया। परशुराम जी से सभी डरते थे। पूरा दरबार मौन था। परशुराम जी ने श्रीराम से कहा कि अगर तुम इतने समर्थ हो तो मेरे शस्त्रों को चला कर बताओ। परशुराम जी कुछ और कहते इससे पहले ही उनका फरसा और धनुष खुद ही श्रीराम के पास पहुंच गए। श्रीराम का शांत स्वभाव और उनके पास अपने धनुष-फरसे को देखकर परशुराम समझ गए कि राम अवतार हो चुका है। अब मेरे अधूरे काम राम पूरे करेंगे, अधर्म का नाश करके, धर्म की स्थापना करेंगे। इस घटना के बाद परशुराम बिल्कुल शांत हो गए और वहां से चले गए।



संकलित

प्रेरणा

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### जनसंख्या वृद्धि को रोकें

इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है कि देश जून 2023 में जनसंख्या के मामले में चीन को पछाड़ कर उससे आगे हो सकता है, यानी भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन सकता है। जनसंख्या की बढ़ोतरी के लिए क्या जनता को ही दोषी ठहराया जा सकता है? या फिर जनता और सरकार दोनों को? ऐसा लगता है कि जनता और आती-जाती सरकारें दोनों को ही दोषी ठहराया जा सकता है। देश की आजादी के कुछ साल बाद परिवार नियोजन पर सरकार ने तवज्जो देना शुरू किया और देश इसमें सफलता की सीढ़ियां चढ़ता रहा। एमरजेंसी के दौरान भी परिवार नियोजन जोरों से चलता रहा, लेकिन कुछ ज्यादतियां होने की शिकायतों की वजह से रफ्तार धीमी पड़ गई। अब अनिवार्य रूप से जनसंख्या वृद्धि को रोकना होगा। *- पीयुष गोयल, रायगढ़*

### ट्रेंड

#### खिलाड़ियों को माहौल देंगे

खेलो इंडिया के 5 साल पूरे होने के मौके पर हम खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने में इस पहल द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार करते हैं। हमारी सरकार भारत में खेलों के फलने-फूलने के लिए आदर्श माहौल तैयार करना जारी रखेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



#### चेतना की शक्ति

एक उल्लेखनीय संत जो भक्ति के प्रकाश से जीते थे। अपनी निःस्वार्थ भक्ति और स्पष्ट ज्ञान के माध्यम से, बसव मानव चेतना की शक्ति के प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़े हैं।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**



# आज का राशिफल

मेषः गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन रोमांचक प्रतीत हो रहा है क्योंकि आपको अपने साथी के साथ कुछ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। आज आपके दिमाग में रोमांच होगा और आप अपने साथी के साथ एक आरामदायक, रोमांटिक डिनर डेट पर जाना चाहेंगे। आपका आकर्षण और स्पष्ट व्यवहार आपके साथी को आकर्षित और प्रभावित करेगा।

वृषभः गणेशजी कहते हैं कि आज आप अपने साथी के साथ बात करते या व्यवहार करते समय सावधान रहें क्योंकि आपके और आपके साथी के बीच बहस हो सकती है। कई तरह की असहमतियां होंगी, इसलिए समझौता करने के लिए तैयार रहें और अपने साथी के मिजाज से तालमेल बिठाएं। इससे पहले कि वे जटिल और बदसूरत हो जाएं, आपको छोटी-छोटी बातों पर अंकुश लगाना चाहिए।

मिथुनः गणेशजी कहते हैं कि आप काफी मेहनत कर रहे हैं और नौकरी की जिम्मेदारियों में व्यस्त और बंधे हुए हैं, लेकिन आज आप अपने प्रिय/साथी के साथ बिताने के लिए कुछ समय निकाल पाएंगे, जो बदले में आपका ध्यान आकर्षित करेगा। आपकी एकजुटता उल्लेखनीय होगी और भाईचारा और मजबूत होगा। बस आप स्वयं बनें और अपने साथी की चिंताओं को सुनें।

कर्कः गणेशजी कहते हैं कि आपके अपने साथी के साथ कुछ तर्क-वितर्क हो सकते हैं और आपको अपने कूटनीतिक रूप से सर्वश्रेष्ठ होना चाहिए। अपने साथी के रवैये और शैली से समझौता करना चाहिए। संक्षेप में, आज चीजें थोड़ी पेचीदा होंगी, इसलिए कृपया इस बारे में बहुत सावधान रहें कि आप परिस्थितियों से कैसे निपटते हैं। संयम बनाए रखें और पार्टनर से मीठी-मीठी बातें करें।

सिंहः गणेशजी कहते हैं कि प्यार और रिश्तों की बात करें तो आज का दिन आपके लिए बहुत सकारात्मक रहेगा। अगर आप अविवाहित हैं और किसी को पसंद करते हैं तो आज आप प्रेम प्रस्ताव रख सकते हैं और किसी प्रतिबद्ध रिश्ते में बंध सकते हैं। अगर आप पहले से ही किसी रिश्ते में हैं तो आप इसे अगले स्तर पर ले जा सकते हैं। कुल मिलाकर यह एक खूबसूरत दिन है और आप इसके हर पल का आनंद लेंगे।

कन्याः गणेशजी कहते हैं कि आज का दिन आपके लिए तनावमुक्त रहेगा और आप अपने साथी के साथ हर पल का आनंद उठाएंगे। व्यावहारिक रूप से हर चीज के बारे में विस्तृत चर्चा पर ध्यान दें और अपने बंधन को मजबूत करने का लक्ष्य रखें। कृपया अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें क्योंकि थोड़ी सी भी चूक तनाव का कारण बन सकती है और अपने साथी को शांत करना कठिन होगा।

तुलाः गणेशजी कहते हैं कि लव लाइफ के लिए आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपने साथी का समर्थन करना होगा और जरूरत पड़ने पर उन्हें भावनात्मक समर्थन देना होगा। आपके साथी के लिए यह एक दुखद दिन हो सकता है इसलिए उनकी मानसिकता को समझें और किसी भी बहस से बचें। इसके बजाय, उसे शांत होने में मदद करें और चीजों को हल्के में लें।

वृश्चिकः गणेशजी कहते हैं कि रोमांटिक लाइफ के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा और आप साथी के साथ अपने रिश्ते का आनंद उठाएंगे। आपका जुनून अद्वितीय होगा, लेकिन अपने प्रिय से वैसी उम्मीद करना अन्याय होगा। अगर आप एक खुशहाल रिश्ता चाहते हैं, तो आपको कुछ यथार्थवादी उम्मीदें रखनी चाहिए और जो आपके पास है उसमें खुश रहना चाहिए।

धनुः गणेशजी कहते हैं कि यह आपके लिए एक खूबसूरत दिन है और आप अपने साथी से बहुत कुछ उम्मीद कर सकते हैं जैसे एक शानदार उपहार और भावनात्मक आवरण जो आपको खुश कर देगा। हालांकि, वह आपको विविध कार्यों में शामिल करने की कोशिश कर सकता है जो आपको परेशान कर सकते हैं लेकिन उनके दृष्टिकोण से सोचें, और सब कुछ समझ में आने लगेगा। साथ में कुछ प्यारा समय बिताने के लिए अपने प्रिय के साथ एक छोटी सी यात्रा की योजना बनाएं।

मकरः गणेशजी कहते हैं कि काम का दबाव आपके निजी जीवन को प्रभावित कर सकता है क्योंकि आप अपने समय को अपने काम और अपने साथी के बीच अच्छी तरह से विभाजित नहीं कर पाएंगे। हो सकता है कि आप अपनी भावनाओं को अपने साथी को अच्छे से न दिखाएं और वह निराश महसूस कर सकता/सकती है। कृपया अपनी चिंता को विनम्रता से समझाएं, और सब कुछ ठीक हो जाएगा। कुल मिलाकर आप अपने पार्टनर के साथ खुश रहेंगे।

कुंभः गणेशजी कहते हैं कि लव लाइफ के लिए स्थिति थोड़ी पेचीदा हो सकती है। आप ऊब महसूस करेंगे, और प्रेम जीवन को नया रूप देने के लिए कदम उठाने की जिम्मेदारी आप पर होगी। अपने साथी के साथ कुछ मीठी बातों से शुरूआत करें, घर के कामों में उसकी मदद करें और एक सकारात्मक नोट पर दिन खत्म करने के लिए एक साथ रोमांटिक डिनर डेट पर जाएं। आपके प्रयासों की सराहना होगी और सब कुछ ठीक हो जाएगा।

मीनः गणेशजी कहते हैं कि आप एक रिश्ते में रहे हैं, लेकिन जरूरी आकर्षण नहीं है। अपने प्रेमी को रिझाने के लिए आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। धैर्य रखें और प्रयास करते रहें और एक बार जब प्रतिबद्धता आपके रिश्ते में आ जाती है, तो आपकी एकजुटता के लिए सब कुछ बहुत अच्छा होगा। बेहद विनम्र रहें और अपनी भावनाओं पर नियंत्रण बनाए रखें।



# आदिपुरुष का नया लिरिकल मोशन पोस्टर देख फैंस उत्साहित

**चेन्नई।** 'बाहुबली' फेम साउथ सुपरस्टार प्रभास अपनी अपकमिंग फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। एक-एक कर फिल्म से जुड़े नए अपडेट सामने आ रहे हैं। साथ ही सितारों का फिल्म से लुक भी धीरे-धीरे रिवील किया जा रहा है। इसी कड़ी में फिल्म से जुड़ा एक लिरिकल मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसमें श्रीराम की भक्ति का गुणगान दर्शकों के दिल में जोश भर रहा है। 'आदिपुरुष' में माता सीता का किरदार निभाने वालीं एक्ट्रेस कृति सेनन ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का लिरिकल मोशन पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में प्रभु श्रीराम के नाम की जय-जयकार सुनने को मिल रही है।

## लाइफ Style

# अनुष्का
## गर्मी का एक्सपिरियंस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

घर वापसी और थार जैसी कई वेब सीरीज में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस अनुष्का कौशिक जल्द ही तिग्मांशु धूलिया की गर्मी में काम करने जा रही हैं। गर्मी वेब सीरीज को लेकर एक्ट्रेस ने हाल ही में बात की है।

इन दिनों इस वेब सीरीज की शूटिंग भोपाल और वाराणसी में हो रही है, जिसके अनुभव को एक्ट्रेस ने साझा किया है। साथ ही उन्होंने दिवंगत एक्टर इरफान खान को लेकर भी बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस ने इरफान खान के उसी होटल में ठहरने को लेकर बात की है, जिसमें वह हाल ही में पहुंची हुई थीं। अनुष्का ने कहा कि जब मुझे वेब सीरीज गर्मी के बारे में पता चला,तो मुझे नहीं मालूम था कि यह तिग्मांशु सर की फिल्म हासिल की तर्ज पर बनने जा रही है। मैं इसे हासिल 2.0 कहना चाहूंगी। साथ ही एक्ट्रेस ने कहा कि जब मुझे यह पता चला कि मैं उसी होटल में ठहरी हूं, जहां पर दिवंगत महान एक्टर इरफान खान हासिल की शूटिंग के दौरान रुके थे। मैं वाकई में बहुत उत्साहित हो गई और बहुत ज्यादा खुश थी। मैंने खुद से कहा कि मैं लगभग हर बिस्तर पर सोऊंगी, क्योंकि इरफान सर यहां आए थे। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने का मेरा सपना अधूरा रह गया, यह तथ्य है कि हमने गर्मी की शूटिंग उन्हीं स्थानों पर की है, जहां पर इरफान सर ने हासिल की शूटिंग की थी। उसी कॉरिडोर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय आदि की तरह, यह काफी वास्तविक था।



## हॉलीवुड मसाला



# 'द बूगीमैन' का आया नया पोस्टर

**न्यूयार्क।** ट्वेंटिएथ सेंचुरी स्टूडियोज और 21 लैप्स की हॉरर-थ्रिलर फिल्म द बूगीमैन का नया ट्रेलर और पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर काफी डरावना और रोंगटे खड़े कर देने वाला है। यह फिल्म 2 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म स्टीफन किंग की लघु कहानी पर आधारित है, जो 1973 में प्रकाशित हुई थी। फिल्म द बूगीमैन में में सोफी थैचर, क्रिस मेसिना, विवियन लायरा ब्लेयर, मारिन आयरलैंड, मैडिसन हू, लिसागे हैमिल्टन और डेविड डेस्टमलचियन हैं।



# 'गार्डियंस ऑफ द...' 5 मई को दस्तक देगी सिनेमाघरों में...

**लॉस एंजेलिस।** जेम्स गुन की आखिरी फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' पांच मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। मार्वल स्टूडियो फिल्म की रिलीज के लिए काफी ज्यादा उत्साहित है। इसी को लेकर बीते दिन डिज्नीलैंड पेरिस के मार्वल एवेंजर्स कैंपस में यूरोपीय गाला इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिस प्रैट, जो सलदाना, करेन गिलान, पोम क्लेमेंटिएफ और विन डीजल जैसे सितारे शिरकत कर चार चांद लगाते नजर आए। 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 3' के लेखक और निर्देशक जेम्स गन और कलाकारों के सदस्य क्रिस प्रैट, जो सलदाना, करेन गिलान, पोम क्लेमेंटिएफ और विन डीजल ने मार्वल एवेंजर्स कैंपस में यूरोपियन गाला इवेंट के लिए डिज्नीलैंड पेरिस की एक अंतरिक्ष सड़क यात्रा की। वहीं, इसकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं, जिन्हें फैंस बेशुमार प्यार दे रहे हैं।



# बरसीं ट्रोल्स पर, क्रिप्टिक नोट से मचा तहलका

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल पर्दे पर बेबाक रोल निभाने के साथ-साथ निजी जिंदगी में भी अपनी स्ट्रॉन्ग पर्सनैलिटी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस समय-समय पर ट्रोल्स को अपने बयान से सबक सिखाती नजर आती हैं। इसी कड़ी में काजोल ने क्रिप्टिक नोट साझा कर सोशल मीडिया की हलचल बढ़ा दी है। डीवा ने नोट लिखकर दोनों जेंडर के 'कायर' लोगों को आड़े हाथों लिया है। काजोल भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी बॉलीवुड एक्ट्रेस में से एक हैं, जिन्होंने हाल ही में फिल्म जगत में अपने 31 साल पूरे किए हैं। वहीं, एक्ट्रेस ने शनिवार देर रात एक पोस्ट कर तहलका मचा दिया। एक्ट्रेस ने एक क्रिप्टिक नोट साझा किया, जिसमें लिखा है, 'दोनों लिंगों के कायरों का अपना सेट है और एक *##*** लेस है।



# नेटिजंस पर जमकर फूटा सुनील का गुस्सा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी अपनी रील और रियल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। एक्टर खुद को और अपने परिवार को काफी पर्सनल रखना पसंद करते हैं। सुनील अपने परिवार या निजी जिंदगी की बाते सोशल मीडिया पर नहीं करना चाहते हैं। अभिनेता सोशल मीडिया को बस अपने प्रोफेशनल वर्क के लिए इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। बॉलीवुड फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय का प्रदर्शन कर चुके अभिनेता ने हाल ही में एक टॉक शो के दौरान कई खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के जमाने में प्राइवेसी नहीं रह गई है। आपके एक वाक्य को 15 अलग-अलग तरीको से दिखाया जाता है। उसे कई अलग-अलग तरीको से पेश किया जाता है। एक्टर ने आगे कहा कि सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को नष्ट कर दिया है।

## टीवी मसाला

# 'खतरों के खिलाड़ी' के इस कंटेस्टेंट पर मेहरबान हुए सल्लू

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी' और 'बिग बॉस 15' का हिस्सा रह चुके प्रतीक सहजपाल को सुपरस्टार सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म में ब्रेक देने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रतीक 'दबंग खान' की अगली फिल्म का हिस्सा बनने वाले हैं।



सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को लेकर लगातार लाइमलाइट बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म आज यानी 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। 'दबंग खान' इंडस्ट्री में नए चेहरों को ब्रेक देने के लिए भी जाने जाते हैं। ऐसे कई बड़े कलाकार हैं, जिन्हें उन्होंने फिल्मों में काम करने का मौका दिया है। 'भाईजान' की इस दरियादिली का हालिया उदाहरण है उनकी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान'। इस फिल्म से 'बिग बॉस 13' फेम शहनाज गिल और पलक तिवारी बॉलीवुड में एंट्री कर रही हैं। इसके अलावा 'बिग बॉस' से सुर्खियां बटोरने वाली प्रियंका चहर चौधरी को भी सलमान ने कहा था कि घर से बाहर निकलने के बाद वो उनसे मिले। वहीं, अब खबर आ रही है कि 'भाईजान' टीवी के पॉपुलर शो 'खतरों के खिलाड़ी' के एक कंटेस्टेंट पर मेहरबान हुए हैं। जी हां, सलमान इस खिलाड़ी को अपनी आने वाली फिल्म में ब्रेक देने वाले हैं।

## रफ्तार ने 'द कपिल शर्मा' के शो को बताया 'शोशेबाजी', डिलीट किया वीडियो

**मुंबई।** कपिल शर्मा टीवी के जाने माने कॉमेडियन हैं। वह अपने शो 'द कपिल शर्मा' को लेकर अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। इस शो में बॉलीवुड के बड़े बड़े कलाकार शिरकत कर चुके हैं। शो के दौरान अक्सर ही कलाकार काफी मस्ती करते हुए नजर आते हैं। कपिल शर्मा शो के अभी तक चारों सीजन को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। वहीं, अब रैपर रफतार ने कॉमेडियन पर तंज कसा है। तो चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। अपने रैप से लोगों के दिलों पर राज करने वाले रफतार ने लाइव स्ट्रीम के दौरान कपिल के शो की पोल खोली है। इस लाइव स्ट्रीम में रफ्तार ने बताया कि कपिल का शो सिर्फ 'शोशेबाजी' करता है और यहां केवल वही लोग आते हैं जो मशहूर हैं, जिससे उनकी रेपुटेशन और बढ़ सके। कॉमेडी तो सिर्फ नाम की होती है। वहां केवल राजनीति देखने को मिलती है। हाल ही में रैपर ने एक इंटरव्यू में शो को लेकर खुलासा करते हुए कहा, 'बेसिकली क्या होता है, देख हमने काम कर लिया, वहां जाकर अब ये दिखाना होता है कि हम बड़े हैं। यह शोशेसबाजी है। जनता के सामने इज्जत बन जाती है, हम बड़े लगते हैं।



# 'दबंग-3' तक पहुंचते नहीं दिख रहे भाईजान...

**मुंबई।** ईद के दिन अभिनेता सलमान खान के चाहने वालों का सैलाब सिनेमाघरों पर उमड़ा और उनकी फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' ने पहले दिन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद शनिवार को राहत की सांस ली। फिल्म का प्रदर्शन सलमान की पिछली फिल्म 'भारत' के दूसरे दिन के कलेक्शन को तो पार नहीं कर पाया लेकिन शनिवार को हुई कमाई ने फिल्म के पहले वीकेंड में 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाने की उम्मीद जरूर जगा दी है। पहले सप्ताहांत पर 50 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाने वाली सलमान खान की अब तक सिर्फ 13 फिल्में बनी हैं। इस लिस्ट में 13वें नंबर पर फिल्म 'जय हो' है, जिसने साल 2014 में रिलीज के पहले वीकएंड पर 60.68 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' को ईद पर फिल्म देखने निकले अपने प्रशंसकों का शनिवार को तगड़ा लाभ मिला। सुबह यह फिल्म 20 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करती भी नहीं दिख रही थी, लेकिन शाम और देर रात के शोज में उमड़ी पारिवारिक भीड़ ने इसका कलेक्शन शनिवार को 25 करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया।




# अवॉर्ड शो को बिल्कुल भी तवज्जो नहीं देते बॉलीवुड सितारे

*मुंबई। भारतीय अवॉर्ड शो में चमक-धमक की बेहतरीन व्यवस्था होती है। इसमें सितारे शिरकत कर अपने आउटफिट और अंदाज से कई दिनों तक सुर्खियां बटोरते नजर आते हैं। वहीं, समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले इन अवॉर्ड इवेंट्स में कई सितारे अपने बेहतरीन काम के लिए सम्मानित किए जाते हैं, जिसकी वजह से उन्हें हेडलाइंस का हिस्सा बनते देखा जाता है। हालांकि, कई दफा इन अवॉर्ड शो पर सवालिया निशान भी खड़ा किया जा चुका है, और ये निशान खड़े करने वाले कोई और नहीं बल्कि इंडस्ट्री के ही कुछ जाने-माने स्टार्स हैं।*

***जॉन अब्राहम*** *: बॉलीवुड एक्टर जॉन अब्राहम को हाल ही में फिल्म 'पठान' में निभाए गए अपने नेगेटिव किरदार से लोगों का दिल जीतते देखा गया है। वहीं, जॉन अब्राहम को अवॉर्ड शो में कम ही देखा जाता है। इसे लेकर एक दफा जॉन ने साफ किया था कि उनकी नजरों में भारतीय अवॉर्ड शो की कोई वैल्यू बाकी नहीं रह गई है। वह सिर्फ नेशनल अवॉर्ड में भरोसा रखते हैं। जॉन ने कहा था, 'बिल्कुल भी सम्मान नहीं करता। मैं उनकी इज्जत नहीं करता और यह बात वे जानते हैं, इसलिए मुझे नॉमिनेट भी नहीं करते।'*

***अजय देवगन*** *: बॉलीवुड के 'सिंघम' अजय देवगन ने इंडस्ट्री को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। हालांकि, एक्टर की हालिया रिलीज मूवी 'भोला' बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गई है। वहीं, अजय इंडस्ट्री के मंझे हुए खिलाड़ी होने के बावजूद भी अवॉर्ड शो से दूरी ही बनाए रखते हैं। अजय ने एक दफा कहा था कि अवॉर्ड शोज को ज्यादा स्टार्स की जरूरत होती है, इसलिए वो आपको फोन करते हैं कि अगर आप शामिल होते हैं तो अवॉर्ड मिलेगा। अगर आप आखिरी समय में नहीं आ पाए तो बस विनर के नाम की चिट बदल जाती है और दूसरे एक्टर को ट्रॉफी मिल जाती है। मेरा भरोसा उठ गया है ऐसे अवॉर्ड फंक्शन से।'*



***इमरान हाशमी*** *: इमरान हाशमी ने अवॉर्ड इवेंट को लेकर कहा था, 'ये एक एंटरटेनमेंट प्रोग्राम की तरह हैं। ये ऐसा है जैसे हम त्योहारों को पसंद करते हैं, हमें भव्यता और टीवी रेटिंग पसंद है। आपको एक साथ कई स्टार्स देखने को मिलते हैं। लोग वहां नाचते हैं फिर उन्हें अवॉर्ड मिलते हैं। मेरिट के आधार पर अवॉर्ड नहीं मिलता, ये खुद को धोखा देने जैसा है।'*

***आमिर खान*** *: अवॉर्ड शो को आमिर खान बिल्कुल भी तवज्जो नहीं देते हैं। एक दफा एक्टर ने इसे लेकर कहा था, 'मैं पुरस्कार समारोह में नहीं जाता। मेरे लिए सबसे बड़ा अवॉर्ड दर्शकों की प्रतिक्रिया और प्यार है। मैं पुरस्कारों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।'*

***सलमान खान*** *: सलमान खान ने साफ किया था कि वह भारतीय अवॉर्ड शो को सीरियसली नहीं लेते हैं। एक्टर को अपनी फिल्मों के लिए सिर्फ जनता के रिएक्शन से फर्क पड़ता है और उनका ही प्यार मायने रखता है। दबंग खान ने तो यह तक कह दिया था, 'घर पर मैंने बहुत सारे अवॉर्ड्स देखे हैं और मेरे पिता के पास कोई काम नहीं था। वो कभी दरवाजा खराब हो जाता था, तो अवॉर्ड को स्टॉपर के लिए यूज करते थे।*

## आज जयंती

### अभिनेता मैक मोहन को 'शोले' से मिला नाम, लंबी पारी खेली फिल्मों में

# 'पूरे पचास हज़ार' वाला अभिनेता, क्रिकेटर बनने की चाह छोड़ मुड़ गया फिल्मों की ओर...

*गुजरे जमाने के अभिनेता मैक मोहन को फिल्मी परदे पर फिल्म 'शोले' में 'पूरे पांच हजार' डॉयलॉग की वजह से पहचान मिली। लेकिन उनका करियर या उनकी पहचान इन तीन शब्दों से कहीं अधिक है। 46 वर्षों में 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाले मैक मोहन ने बॉलीवुड में एक लंबी पारी खेली।*

**मुंबई।** मैक मोहन का जन्म 24 अप्रैल 1938 को अविभाजित भारत के कराची में एक ब्रिटिश भारतीय सेना अधिकारी के यहां हुआ था। परिवार के लखनऊ में स्थानांतरित होने के बाद, मैक मोहन का सपना भारत के लिए क्रिकेट खेलना था। वह तब मुंबई चले गए जब वे अभी भी एक छात्र थे, और देश के लिए खेलने के अपने सपनों को आगे बढ़ाने का इरादा रखते थे। उनकी बेटियाँ, मंजरी और विनती मकजनी, जो अब फिल्म उद्योग में काम करती हैं, ने एक साक्षात्कार में याद किया कि कैसे क्रिकेट उनके जीवन का हिस्सा था। लेकिन फिर उन्होंने फिल्मों की दुनिया में कदम रखा।

जब मैक मोहन जय हिंद कॉलेज में पढ़ रहे थे, तब उन्होंने एक पाठ्येतर के रूप में रंगमंच को अपनाया। अभिनेता शौकत कैफ़ी के साथ एक नाटक करते समय, उन्हें नाटक को आगे बढ़ाने और इंडियन पीपल्स थिएटर एसोसिएशन (इप्टा) में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अभिनय के लिए उनके प्यार ने उन्हें कला का अध्ययन करने के लिए खींचा और उन्होंने 1964 में निर्देशक चेतन आनंद की उनकी फिल्म 'हकीकत' में सहायता की, जो उनकी पहली फिल्म भी थी। मैक मोहन ने ज्यादातर माध्यमिक और नकारात्मक भूमिकाएँ निभाईं -कुछ कॉमेडी को छोड़कर - और हर बार स्क्रीन पर अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। हालाँकि, मैक मोहन ने जो सबसे प्रतिष्ठित भूमिका निभाई, वह 'शोले' में एक डकैत, सांभा की थी। उनके पास देने के लिए सिर्फ तीन शब्द थे लेकिन उन्होंने उन्हें अपना बना लिया। फिल्म की रिलीज के बाद, निर्माताओं और अभिनेताओं ने सांभा की लोकप्रियता पर आश्चर्य किया। बाद में, फिल्म के निर्देशक, रमेश सिप्पी ने टिप्पणी की कि कोई और रेखा या रूप को नहीं खींच सकता था। जावेद अख्तर, जो सलीम-जावेद की जोड़ी का हिस्सा थे, जिन्होंने फिल्म लिखी थी, ने सहमति व्यक्त की 'जिस तरह से वह गब्बर की मांद को देखते हुए पहाड़ी पर बैठे थे, वह देखने लायक था।'

मैक मोहन ने डॉन (1978), कर्ज (1980) और सत्ते पे सत्ता (1982) जैसी फिल्मों में कई नकारात्मक भूमिकाएं कीं। वह बुरे आदमी के गुर्गे का पर्याय बन गए। वह दुर्लभ अभिनेता भी थे जिनका असली नाम उनकी अधिकांश फिल्मों में उनके चरित्र के नाम के रूप में इस्तेमाल किया गया था। अभिनेता, जो रवीना टंडन के चाचा भी हैं, न केवल अपनी संवाद अदायगी के लिए बल्कि अपने व्यावसायिकता के लिए भी उद्योग में लोकप्रिय थे।



### खुद की निभाई थी भूमिका

जब 10 मई 2010 को उनकी मृत्यु हुई, अभिनेता और अक्सर सह-कलाकार रहे अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा : मैंने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया, ऐसी फिल्में जिन्हें मेरे प्रदर्शनों की सूची में सबसे यादगार फिल्मों में से एक के रूप में पहचाना जा सकता है। उन्होंने जो कुछ भूमिकाएँ कीं, वे स्वभाव से दुष्ट थीं, जो उनके अपने व्यक्तिगत आचरण के बिल्कुल विपरीत थीं। उसकी हँसी भरी हुई और मुक्त थी; मुक्त भावना का प्रतीक जिसे उन्होंने हमेशा चित्रित किया। चार दशक लंबे करियर के बाद, उनकी आखिरी फिल्मों में से एक जोया अख्तर की लक बाय चांस (2009) में आई थी। यह एक संक्षिप्त रूप था जहां उन्होंने खुद की भूमिका निभाई थी।

# सीएम बघेल ने किया 167 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बोरियाखुर्द में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 167 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। इनमें 36 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और 126 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर पालिक निगम रायपुर के 09 कार्यों के लिए 38 करोड़ 02 लाख 79 हजार रुपये, नगर पालिक निगम बीरगांव के 16 कार्यों के लिए 05 करोड़ 78 लाख 76 हजार रुपये तथा लोक निर्माण विभाग के 12 विभिन्न विकास कार्यों के लिए 38 करोड़ 56 हजार , नगर पंचायत माना के विकास कार्यों के लिए 44 करोड़ 37 लाख रुपये,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से संबंधित विकास कार्यों के लिए 19 लाख 36 हजार रुपये के कार्यों का भूमिपूजन किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के लिए 04 करोड़ 03 लाख 22 हजार की लागत के 02 विकास कार्यों का भी शिलान्यास किया।

विकास की इबारत लिखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 36.57 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।इनमें नगर पालिक निगम रायपुर के 13 कार्यों के लिए 32 करोड़ 76 लाख 33 हजार, नगर पालिक निगम बिरगांव के 02 कार्यों के लिए 74 लाख 87 हजार, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के कार्य के लिए 50 लाख 36 हजार, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन के 01 कार्य के लिए 02 करोड़ 56 लाख 41 हजार रुपये की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों और आम जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है।

# 13 मई को पेंशन लोक अदालत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में शनिवार 13 मई 23 को नेशनल लोक अदालत के तहत रायपुर में आयोजित हो रहे है। इस वर्ष की पहली पेंशन लोक अदालत का भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने स्वागत किया है. इस पेंशनर हितैषी आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेन्द्र नामदेव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जे पी मिश्रा ने राज्य के पीड़ित पेंशनरों से लम्बित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु इस अवसर का लाभ उठाने का आव्हान किया है।

जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि इस अदालत में सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों के सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारीयों, कर्मचारियों के पेंशन मामलों का शीघ्र निराकरण पर निर्णय लिया जायेगा।पेंशन लोक अदालत के आयोजन का उद्देश्य पेंशनधारियों की शिकायतों को देखकर पेंशन भोगियों का मौके पर ही उनके मामलें का निराकरण किया जा सकेगा। इस अदालत में बकाया पेंशन, पेंशन वृद्धि के बकाया एवं पेंशन से संबंधित सभी मामलों के बारे में पीड़ित पेंशनधारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर में संचालित पेंशन लोक अदालत में अपना मामला प्रस्तुत कर लाभ ले सकते हैं।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अनुसार पेंशनधारियों के मामले में निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिन बुजुर्ग पेंशनधारियों को उनके विभाग के माध्यम से उनके पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं हो पा रहा है और वर्षो से प्रकरण लम्बित है तो वह पेंशन लोक अदालत में आकर अपना आवेदन दे सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा सभी विभाग के पेंशनधारियों से अपील की गई हैं कि यदि उनको पेंशन प्रकरणों की समस्या है, तो वे सभी अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर से संपर्क कर सकते हैं और अपना मामला प्रस्तुत कर सकते हैं। जिनसे उनके मामलों को आगामी नेशनल लोक अदालत शनिवार 13 मई 2023 के माध्यम से निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। इस संबंध में माननीय श्री संतोष शर्मा, जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा सभी लोगों से अपील की गई है कि पेंशनभोगियों के अधिकारों की सुरक्षा करने हेतु पेंशन लोक अदालत प्रतिबद्ध है और सभी लोग अधिक से अधिक इसका लाभ प्राप्त करें। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामन्त्री वीरेन्द्र नामदेव, छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष जे पी मिश्रा तथा पेंशनर्स महासंघ के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी क्रमशः द्रोपदी यादव,पूरनसिंह पटेल, अनिल गोल्हानी,बी के वर्मा,आर एन ताटी,दिनेश उपाध्याय, आर जी बोहरे,हरेंद्र चंद्राकर, इलियास मोहम्मद शेख, व्ही टी सत्यम, एम आर शास्त्री,नागेंद्र सिंह तथा बी एस दसमेर आदि ने छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रति इस जनहितकारी पेंशन लोक अदालत के आयोजन पर आभार प्रगट किया है और भरोसा जताया है यह आयोजन पीड़ित पेंशनरों के लम्बित प्रकरणों के निराकरण के लिए बेहतर अवसर साबित होगा।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया परशुराम जयंती

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



भिलाई । राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग द्वारा सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। मुख्य जजमान अरूण पंडा एवं पत्नी ज्योतिमय पंडा थी। पंडित रविकांत पांडेय द्वारा सारी पूजा अर्चना आरती कराई गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने भी पूजा कार्यक्रम में भाग लिया। बघेल ने भगवान परशुराम जी का आशीर्वाद लिया और उपस्थित होकर सभी को भगवान परशुराम जयंती पर शुभकामनाएं दी। सांसद ने भगवान परशुराम जी के बताए हुए आदर्शो पर चलने को कहा।इस अवसर पर भजन का कार्यक्रम भी था और खिचड़ी, बूंदी, चना का भी वितरण भोग प्रसाद के साथ किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष राकेश शुक्ला, महासचिव लक्ष्मी कांत तिवारी, कन्या कुब्ज ब्राह्मण समाज डॉक्टर रतन तिवारी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, अरुण पंडा, उत्कल ब्राह्मण समाज प्रदीप भट्टाचार्य, संयोजक बंगाली ब्राह्मण समाज, सरयू पारीण ब्राह्मण समाज महासचिव राम लखन मिश्रा, शशि भूषण मोहंती, दिनेश प्रसाद मिश्रा, हेमंत नायक, महारास्ट्रियन ब्राह्मण समाज वंदना पांडे, सुमन पुरोहित, बृज मोहन उपाध्याय, मनीष रंजन, विभा झा, सरोज चौबे, विजय लक्ष्मी चौबे, ज्योति शर्मा, शेष नारायण शर्मा, इंद्राणी पाढ़ी, रीना महापात्र, पुष्पांजलि पंडा, अंजलि चौधरी, मिनाती रथ, प्रवीण रथ, कांत सप्रे, सुषमा पात्र, रविंद्र साहू, लीला शुक्ला, अभय कठाले, श्रवण शुक्ल, आलोक शुक्ला, अनुपमा मूर्ति, शोभित भार्गव, लक्ष्मी नारायण विस्वा, अंजनी मिश्रा, रीता भारतद्वाज सहित अन्य राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी, महिला प्रकोष्ठ सदस्य गण उपस्थित थे।

# छग योग आयोग के 6वें स्थापना दिवस पर 1500 लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**स्वस्थ जीवन-शैली और योग के प्रति लोगों को जागरूक करने निकाली गई रैली**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । छत्तीसगढ़ योग आयोग के 25 अप्रैल को छठवें स्थापना दिवस पर सुभाष स्टेडियम में मंगलवार सुबह 6 से 7 बजे तक एक दिवसीय सामूहिक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1500 लोग शामिल हुए और सामूहिक योगाभ्यास किया। योगाभ्यास सत्र के बाद लोगों को स्वस्थ जीवन-शैली और योग के प्रति जागरूक करने सुबह 7 बजे से जागरूकता रैली (पैदल यात्रा) निकाली गई। यह जागरूकता रैली सुभाष स्टेडियम से शुरू होकर शास्त्री चौक होते हुए जय स्तंभ चौक से सिटी कोटवाली होते हुए वापस सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई।

कार्यक्रम में योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने नागरिकों को निःशुल्क योग केंद्र एवं नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए फुंडहर स्थित भवन निःशुल्क उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योग के प्रचार-प्रसार के साथ लोगों को स्वस्थ जीवन-शैली की ओर लौटकर निरोगी बनाने की महती जिम्मेदारी योग आयोग को सौंपी है। इस दिशा में योग आयोग लगातार प्रयास कर रहा है। नगर निगम के सहयोग से प्रदेश में योग मय वातावरण का माहौल तैयार हुआ है। नगरीय क्षेत्रों में 40 से ज्यादा निःशुल्क योगाभ्यास केंद्र शुरू किए जा चुके है। मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा पर पिछले वर्ष फुंडहर में योग भवन शुरू हो गया है। यहां योग विशेषज्ञों द्वारा 24 अप्रैल से सात दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण योग साधकों को दिया जा रहा है। इससे सुयोग्य योग प्रशिक्षक और अनुदेशक तैयार होंगे, जो छत्तीसगढ़ के गांव-गांव तक योग को पहुंचाएंगे।

पूर्व मंत्री और विधायक रायपुर ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और महापौर रायपुर एजाज ढेबर ने कहा कि योग आयोग की सक्रियता से छत्तीसगढ़ में योग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हर सार्वजनिक जगहों में लोग सुबह सुबह योग करते दिखाई देते हैं। उन्होंने लोगों से स्वस्थ रहने के लिए दैनिक जीवन में नियमित योग को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नागरिकों के योगाभ्यास की सुविधा के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर संस्कृत विद्या मण्डल के अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, पार्षद सतनाम सिंह, प्रजापिता ब्रम्हकुमारी की प्रमुख सविता बहन, रविशंकर विश्वविद्यालय के योग आयोग के सचिव एम एल पांडे योग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष भगवंत सिंह रायपुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक शामिल हुए।

## बाइक सवार युवक सड़क किनारे लगे पत्थर से टकराए, एक की मौत, दो घायल

लखनऊ।बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रहीम नगर पडियाना के मजरे पिपहरी गांव के समीप सड़क के किनारे लगे एक मील के पत्थर से शुक्रवार दोपहर एक बाइक पर सवार तीन लोग बाइक के अनियंत्रित होने पर टकरा गए, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान ले जाते समय मौत हो गई, वहीं बाइक पर पीछे बैठे दो अन्य युवकों को भी मामूली चोटें आई हैं। हरौनी चौकी प्रभारी मुन्नालाल के अनुसार एक ही बाइक पर तीन लोग सवार होकर पिपहरी गांव से होते हुए लतीफ नगर की ओर आ रहे थे। तभी गांव के बाहर लगे एक मील के पत्थर से बाइक के टकरा जाने से मौके पर ही बाइक चला रहे रामू पुत्र केवल सिंह निवासी रुदवारा थाना सोहरामऊ गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कैदियों को एचआईवी व टीबी से सुरक्षित बनाने पर मंथन

**महानिदेशक कारागार एसएन साबत ने किया प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ**

**यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के नेतृत्व में यूपीएनपी प्लस संस्था के सहयोग से कार्यशाला आयोजित**

**जेलों के चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ को दो बैच में किया जा रहा प्रशिक्षित**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



लखनऊ। प्रदेश की जेलों में निरुद्ध कैदियों को एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस बी-सी और सिफलिस से सुरक्षित बनाने पर सोमवार को यहाँ एक निजी होटल में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी। यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के नेतृत्व में यूपीएनपी प्लस संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी जेलों के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को तकनीकी और व्यावहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग एस. एन. साबत ने किया।

इस मौके पर श्री साबत ने कहा कि कैदियों को बीमारियों से सुरक्षित बनाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसी के तहत हर कैदी के स्वास्थ्य की समय-समय पर जाँच की जाती है। स्क्रीनिंग एवं जांच के लिए संसाधनों को भी बेहतर बनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग और यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मुहिम रंग लाएगी और कैदियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।

यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेशनल एड्स कंट्रोल आर्गनाइजेशन (नाको) के दिशा निर्देश के मुताबिक प्रदेश के सभी कारागार के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को कैदियों के गुणवत्तापूर्ण जाँच और बेहतर इलाज के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। दो बैच में करीब 168 कर्मचारियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। नाको के लक्ष्य के मुताबिक प्रदेश की सभी जेलों के सभी कैदियों की छह माह के अन्तराल पर एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस बी-सी और सिफलिस की स्क्रीनिंग और जांच के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह प्रशिक्षण बहुत ही कारगर साबित होगा। संयुक्त निदेशक ने बताया कि वर्ष 2022-23 में करीब 3.12 लाख कैदियों तक पहुँच बनी, जिनमें से करीब 2.67 लाख कैदियों की स्क्रीनिंग और जाँच की गयी। इनमें 1104 कैदी एचआईवी पाजिटिव पाए गए, जिनको एआरटी सेंटर से लिंक किया गया। इसी प्रकार करीब 2.72 लाख कैदियों की टीबी की स्क्रीनिंग की गयी, जिनमें से 9012 कैदियों की टीबी की जांच हुई। इनमें 279 कैदियों में टीबी की पुष्टि हुई, जिनमें से सभी टीबी मरीजों को डॉट सेंटर से जोड़ा गया। इसी तरह 2988 कैदियों की हेपेटाइटिस-सी की जाँच की गयी, जिसमें से 125 पाजिटिव पाए गए। इन सभी का समुचित इलाज किया गया। संयुक्त निदेशक झ एसटीआई डॉ. शुभ्रा मित्तल ने सप्लाई चेन मैनेजमेंट और किट की उपलब्धता पर प्रकाश डाला। इसके अलावा यूपीएनपी प्लस संस्था की राज्य समन्वयक अमृता सोनी ने जेल चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की समस्याओं को सुना और उसके समाधान का भरोसा दिलाया। उपनिदेशक डॉ. चित्रा सुरेश और अपर निदेशक अजय शुक्ला ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।

### प्रिजनर पीयर मोबलाइजर और कम्युनिटी रेडियो का भी सहारा :

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कैदियों की जांच और इलाज को सुचारू बनाने के लिए 18 प्रिजनर पीयर मोबलाइजर की नियुक्ति की गयी है। इनके माध्यम से प्रदेश की 74 जेलों को कवर किया जा रहा है। इनके माध्यम से कैदियों के बीच में से ही प्रिजन पीयर वालंटियर्स चुने गए हैं, जिनको प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह बीमारी के लक्षण नजर आने पर कैदियों को जाँच और इलाज के बारे में प्रेरित करेंगे। इसके अलावा बीमारियों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जेल कम्युनिटी रेडियो का भी सहारा लिया जाएगा।

## दो पक्षो में जमकर मारपीट, चार घायल

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरनपुर मजरा बगहनखेड़ा गांव निवासी अमरपाल व नौरंग के बीच रविवार को पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद के बाद दोनो पक्षो से दस के करीब महिलाये व पुरूष आमने-सामने आ गये,जिसके बाद जमकर हुयी मारपीट मे चार लोग घायल हो गये ।अमरपाल पक्ष से उसकी पत्नी रामप्यारी व दो बेटिया अल्पना व कल्पना घायल हो गयी ।जब कि दूसरे पक्ष से नौरंग घायल हो गया। अमरपाल कि पत्नी रामप्यारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी नौरंग व उसकी पत्नी, हिमांशु, रोशनी ,जीतू, नन्हा की पत्नी के विरूद्ध बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

# आज मनेगा विश्व मलेरिया दिवस

**लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित होंगी गतिविधियां**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ ।हर साल किसी न किसी थीम के साथ 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है ` इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने बताया कि पहली बार यह दिवस साल 2008 में मनाया गया थो इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को इस बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करना है इस साल विश्व मलेरिया दिवस की थीम है झ टाइम टू डिलीवर जीरो मलेरियाःइन्वेस्ट, इनोवेट एंड इम्प्लीमेंट ` मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बारिश शुरू होने के साथ ही वेक्टर संक्रमण काल शुरू हो जाता है` अधिक बारिश के कारण अत्यधिक जलभराव होने से मच्छरों का प्रजनन होता है संक्रमित वयस्क मादा मच्छर के काटने से मलेरिया व अन्य वेक्टर जनित रोग फैलते हैं मलेरिया मादा ऐनाफिलीज मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है यह मच्छर साफ पानी में पनपता है सावधानी बरतकर मलेरिया से पूरी तरह से बचाव जा सकता है कुछ लोग इस बीमारी के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं पाँच साल तक की आयु के बच्चे, गर्भवती, और एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों को इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है इसके अलावा प्रवासी लोग जिनमें मलेरिया के प्रति प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है और वह मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में रहने जाते हैं` यह वेक्टर जनित बीमारी है` वेक्टर के संचरण को नियंत्रित करना ही इस बीमारी से बचाव का मुख्य उपाय है मच्छररोधी रसायन का छिड़काव, साफ-सफाई, घरों में खिड़की और दरवाजों पर जाली का प्रयोग, सोते समय मच्छरदानी या मच्छर रोधी क्रीम या अगरबत्ती का प्रयोग और पूरी बांह के कपड़े पह मच्छर के काटने से बचा जा सकता है साल 2030 तक देश को इस बीमारी से मुक्त कर करने का लक्ष्य है जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर कानपुर रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल में लगभग 2200 विद्यार्थियों को मलेरिया के लक्षण, बचाव के बारे में संवेदीकृत किया जाएगो इसके साथ ही जनपद सहित सभी ब्लॉक में जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगो जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि मलेरिया के लक्षणों के बारे में लोगों को जानना बहुत जरूरी है ताकि समय से उपचार हो सके मलेरिया में सर्दी और कंपन के साथ एक-दो दिन छोड़कर तेज बुखार आता है इसके साथ ही उल्टियाँ और शरीर में तेज दर्द रहता है बुखार आते समय पसीना आता है और बुखार उतरने के बाद थकावट और कमजोरी आती है` मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए छत तथा आँगन में पड़े पुराने बर्तन, कूलर आदि में पानी न इकट्ठा होने दें घर के आस-पास कूड़ा न इकट्ठा होने दें ` नंगे बदन न रहें,

## भाजपा प्रत्याशी के लिए व्यापारी नेता ने जनता से वोट देने के लिए की अपील



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

सरोजनी नगर, लखनऊ।बंथरा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित सिंह चौहान नगर पंचायत बंथरा कि भाजपा प्रत्याशी शांति देवी के समर्थन में आ गए हैं। व्यापारी नेता अमित अभी तक अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी से अपने लिए टिकट की मांग कर रहे थे। सीट आरक्षित होने के बाद जब वह चुनाव नहीं लड़ पाए तो चुनाव लड़ने वाले हर दल और निर्दलीय प्रत्याशी उन्हें अपने पाले में लाने की फिराक में लगे थे। लेकिन इसी बीच पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व वरिष्ठ भाजपा नेता शिवशंकर सिंह चौहान ने उनकी मान मनौवल कर मुलाकात विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह से करा दी। इस मुलाकात में हुई बातचीत के बाद व्यापारी नेता भाजपा प्रत्याशी का समर्थन करने के लिए राजी हो गए। अगले ही दिन वह प्रत्याशी शांति देवी के समर्थन में लोगों से वोट मांगने में जुट गए। उन्होंने तमाम व्यापारियों और अपने समर्थकों के साथ बैठक की और शांति देवी के पक्ष में वोट देने की अपील की। माना जा रहा है कि व्यापारी नेता अमित सिंह चौहान के भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उतरने से उन्हें काफी मजबूती मिली है।

# चुनाव शान्तिभंग में पत्रकार और बुजुगों पर मुकदमा नौजवान व दबंग पूर्णरूपेण स्वतन्त्र

**बिजनौर पुलिस ने रहीमाबाद में पार्षद चुनाव में पार्टी कार्यकताओं एवँ उपद्रवियों को किया शान्तिभँग मुकदमे से आजाद**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन





सरोजनीनगर ।नगर निगम के अर्न्तगत वार्ड–5, राजा बिजली पासी–२, पोलिंग रहीमाबाद में लगभग 5000 वोटर व 04 बूथ का मतदेय स्थल बना हुआ है ।जिसमें ग्राम रहीमाबाद के दो बूथ, कंचनपुरी एवँ एक बूथ भक्तीखेड़ा का भी लगाया जाता है । जिसमें सभी राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ता व चुनाव का संचालन करने वाले सभी नव युवक हैं, जो अपने अपने प्रत्याशियों को लेकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं ।थाना बिजनौर की पुलिस द्वारा सहायक आयुक्त / कार्यपालक मजिष्ट्रेट कृष्णानगर लखनऊ को भेजी गयी शान्ति व्यवस्था के निमित्त सूची ही प्रथम दृष्टया: संदिग्ध है । रहीमाबाद मे अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने वाले कार्यकताओं की वह सूची जो लड़ायी झगड़ा करके, चुनावीकाल में शान्ति व्यवस्था भंग कर, संज्ञेय अपराध कारित कर सकते हैं ।थाना बिजनौर में रहीमाबाद के बीट इंचार्ज / जाँच अधिकारी द्वारा मनमानी तरीके से बिना स्थलीय जाँच के, जो चुनावी प्रकिया में बढचढ कर हिस्सा ले रहे कार्यकताओं के स्थान पर, हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता क्षेत्र थाना बिजनौर के ही अर्जुन सिहं को मुख्य आरोपी बनाकर, जो सूची थाने भेजी गयी है, वह निराधार एवँ मनगढँत है । उपर्युक्त सूची में जो कम उम्र अंकित करके विवेचक / जाँचकर्ता द्वारा दशार्यी गयी है, वह भी एकदम गलत व अशुद्ध है एवँ बहुत ही कम दशार्यी गयी है ।जिसमें क्रमाँक 03, महेश प्रसाद यादव की उम्र लगभग 68 वर्ष, 10- अनवर अली उम्र 73 वर्ष और 09-आशिक अली की उम्र 63 वर्ष एवँ 05-06 व्यक्तियों की उम्र 50 वर्ष से अधिक उम्रदराज व्यक्ति है ।

# जरूरतमंदों के आवेदनों का परीक्षण कर प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कलस्टरवार तथा जनपदवार लंबित आवेदनों का निराकरण अति शीघ्र करें। ऐसे आवेदकों का आवेदन अवश्य स्वीकृत करें जो वास्तव में जरूरतमंद है। उनका परीक्षण भी अच्छे से करें। आगामी 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता की पहली किस्त जारी करने वाले है। सभी जनपद सीईओ अपने-अपने जनपदों से 2-2 हितग्राही का चिन्हांकन कर ले। साथ जिले से वर्चुअल के माध्यम से भी हितग्राहियों से मुख्यमंत्री वार्तालाप करेंगे। उसके लिए भी जिला मुख्यालय के लिए हितग्राहियों का चिन्हांकन कर ले। कलेक्टर ने निर्देष देते हुए कहा है कि उन्हीं हितग्राहियों का चिन्हांकन करें जिनकी वास्तविक स्वीकृत हो,



उनके बैंक खाते का सत्यापन हुआ हो तथा उनका नाम, मोबाइल नम्बर तथा आवेदन संख्या की जानकारी के साथ वर्चुअल के लिए उपस्थित हो।

कलेक्टर ने एफआरए ग्रामों में सुविधा के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा सभी विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें कि उनके विभाग की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले। उन्होंने जनपदवार चिन्हांकित गांवों में बर्तन बैंक की स्थापना करने के निर्देष दिये। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी लेते हुए सीएमएचओ को निर्देष देते हुए कहा प्रतिदिन खण्ड चिकित्सा अधिकारी आरएचओ से प्रगति की जानकारी ले तथा आयुष्मान कार्ड की प्रगति से अवगत कराये। सर्व एसडीएम आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों को समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेष की जानकारी लेते हुए जिला षिक्षा अधिकारी को निर्देष दिये लॉटरी पद्धति से निष्पक्ष प्रवेष कराना सुनिष्चित करें। उन्होंने समस्त एसडीएम एवं जनपद सीईओ को बताया

**बोरे-बासी खाकर मनाया जाएगा श्रमिक दिवस**

कि मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय भोजन बोरे-बासी खाकर श्रमिक दिसव मनाने की नई रीत की शुरूवात की थी। ठीक उसी प्रकार इस वर्ष भी सभी मुख्यालयों में बोरे-बासी खाकर श्रम दिवस मनाया जायेगा। सभी अधिकारी मुख्यालय में बोर-बासी खाने और श्रमिक दिवस मनाने की तैयारी करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, सोलर पंप स्थापना आदि के प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देष दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, पीएमजीएसवाई तथा सीएमजीएसवाई से बनने वाले सड़कों की जानकारी ली। नये कार्यों की जानकारी लेते हुए पुराने बचे हुए कार्य को पूर्ण करने के निर्देष दिये।

कलेक्टर सुश्री आरा ने जाति प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन के प्रगति की जानकारी ली तथा शत प्रतिशत श्रमिक पंजीयन करने के निर्देश दिए। बैठक में वन मण्डलाधिकारी संजय यादव, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, नन्दजी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, समस्त जनपद सीईओ सहित विभाग के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर निकली जागरूकता रैली

## दी गई मलेरिया से बचाव की जानकारी



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.एस सिंह के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्य क्षेत्र बिहारपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया है। ग्राम खोहिर में बैगा, गुनिया सम्मेलन की बैठक कराई गयी, जिसमें मलेरिया, डेंगू एवं फाइलेरिया से बचाव हेतु जानकारी प्रदाय किया गया। बिहार पुर में मितानिनों की बैठक कर विश्व मलेरिया दिवस मलेरिया से बचाव की जानकारी प्रदाय की गयी तथा रैली का आयोजन किया गया। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में विश्व मलेरिया दिवस मनाई गई जिसमें मलेरिया, डेंगू एवं फाइलेरिया से बचाव हेतु जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दी गई। जिसमें मलेरिया के लक्षण सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना तेज बुखार व सिर दर्द होना, बुखार उतरते समय बदन पर पसीना-पसीना होना आदि जानकारी दी गयी। साथ ही मलेरिया से बचाव की जानकारी देते हुए बताया गया कि घर के आस-पास पानी जमा न होने देना, पानी के सभी बर्तन टंकी को पूरी तरह ढक कर रखना, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना, मलेरिया फैलाने वाले मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपते हैं, जैसे पानी की टंकी, कुओं, तालाबों इत्यादि। बुखार आने पर रक्त की जांच कराएं एवं पॉजिटिव आने पर दवाई की पूरी खुराक खाने की सलाह दी गयी। इस वर्ष का थीम है शून्य मलेरिया देने का समय निवेश करें नवाचार करें, लागू करें। सरकार ने 2027 तक मलेरिया शून्य करने का लक्ष्य रखा है एवं 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विश्व मलेरिया दिवस के साथ ही इंडियन रेड क्रास सोसायटी द्वारा मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम हेतु संदीप गुप्ता जिला संगठक रेड क्रास सोसायटी एवं लक्षनधारी लेखाप्रभारी द्वारा जानकारी प्रदाय की गयी। सी.एच.सी. बिहारपुर में डॉ. दीप कुमार जिला मलेरिया अधिकारी एवं विवेक सदन नाविक जिला मलेरिया सलाहकार द्वारा बैगा गुनिया सम्मेलन एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहारपुर सी.एच.सी. के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं मितानिन उपस्थित थे।

# जनदर्शन में मांगो एवं समस्याओं के मिले 64 आवेदन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में जनदर्शन के माध्यम से मंगलवार को आम जनता से कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने रूबरू होकर दूरस्थ क्षेत्रों से आए आमलोगों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित 64 आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज जनदर्शन में आवेदक रूपदेव सिंह, राम लाल, साहिबा, कलम साय, तारा बाई इत्यादि ने राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, में नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार, जमीन विवाद जैसे आवेदन प्राप्त हुए उन्होंने राजस्व अमला को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए है।



# महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने किया अमरकंटक का शैक्षणिक भ्रमण, शोध एवं जीवन मे समय प्रबंधन के संबंध में दी गई जानकारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां महाविद्यालय में अर्थशास्त्र एंव राजनीतिक विज्ञानिक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 61 छात्र-छात्राओ ने इंन्द्रिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक का शैक्षिक भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ.एच.एन.दुबे के आदेशानुसार 21अप्रैल को भ्रमण के दौरान विद्यार्थीयो को विभिन्न विभागों और उनमें पढ़ाये जाने वाली विषयों पर जानकारी दी गयी, विद्यार्थीयो ने अर्थशास्त्र विभाग, राजनीतिक विभाग एंव परिसर में स्थित केन्द्रिय विश्वविद्यालय के केन्द्रिय ग्रंथालय एंव परिसर में स्थित गुप्त नर्मदा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय जनजातिय के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निति जैन ने छात्रों को शोध एंव जीवन में समय प्रबंधन के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने अपने निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग भ्रमण करवाया। राजनीतिक विज्ञान के छात्रों को भी राजनीतिक अर्थशास्त्र का राजनीति विज्ञान में



क्या महत्व हैं उसके बारे में भी विस्तार से चर्चा की । इसके अलावा विद्यार्थीयों द्वारा अमरकंटक में नर्मदा मंदिर, जैन मंदिर, सनसाइन पाइन्ट, कपिल धारा एंव दुध धारा का भी भ्रमण किया। अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि पाण्डेय एंव इतिहास विभाग के डॉ. सलीम किस्पोट्टा, राजनीति विज्ञान विभाग की अतिथि व्याख्याता निर्मला इक्का एंव निशा खत्री, हिन्दी विभाग के भानुप्रताप अहिरे के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर ( छत्तीसगढ़ )

Phone :- 07775-266048
E-Mail ID : ee-res.surajpur@gov.in

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / 808 / वलेलि / ग्रा.यां.से / 2023-24 सूरजपुर दिनांक 21.04.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत "डी" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | Repairing work of 09 No. School building at Bank, Pandopara, Kolhua, Padwari, Katrapara, Semra, Basnara, Chaukapara and Moharsop Block-Odgi Gr-03 | 2981857.00 |
| 2 | Repairing work of 09 No. School building at Dawna , Madar, Tottko, Karouti-B, Karouti-B 1, PS Raisara, Ms Raisara, Pakni, Kharra Block-Odgi Gr-04 | 3013159.00 |
| 3 | Repairing work of 03 No. P S building at Batai, Rampur, Dulduli Block-Pratappur Gr-04 | 1012018.00 |
| 4 | Repairing work of 11 No. P S building at Dewri, Gorgi, Mahudand, Dandkarwa, Bhuaiyapara, Bhuranidand, Nawapara Bandwar, Pandopara, Jamaipara, Dhumadand, Bhelkach Block-PratappurGr-04 | 3710736.00 |
| 5 | Repairing work of 11 No. P S building at Padipa, Kodakupara, Sonpur, Chandreli, Barbaspur,, Pendri, Kanaknagar, Ganeshpur, Kodakupara, Tukudanad, Karanjwar Block-PratappurGr-01 | 3710736.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 18.04.2023 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईड https://cgres.cgeprocurement.gov.in/ प्राप्त की जा सकती है।

Last date of tender download 04.05.2023

Last date of receving of technical document 08.05.2023 17:30 PM

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग सूरजपुर, जिला-सूरजपुर

जी-00583 / 1


# अंधड़ के साथ वर्षा व ओला वृष्टि से हो सकती है आज दिन की शुरुआत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** प्रदेश के मौसम में बढ़ रही गर्माहट पर फिर से ब्रेक लगने की संभावना है। मौसम विभाग ने कल सुबह 8.30 बजे में सभी जिलों में अंधड़ चलने और कुछ इलाकों में मेघ गर्जना के साथ हल्की बौछारें गिरने की आशंका के चलते यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के सूरजपुर, सरगुजा, बालोद, बालोदाबाजार, धमतरी, दुर्ग, गरीयाबंद, जांजगीर, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, रायपुर, राजनादगांव,

**मौसम विभाग ने यलो एलर्ट किया जारी**

के सभी जिलों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। घॉस-फूस की झोपडियों और एसबेस्टस की छत वाले घरों को नुकसान पहुंचेगा, घर के छप्पर उड़ सकते है, अधूरे बंधे धातु की चादरें उड़ सकती हैं, पेड़ों के नीचे आश्रय न ले, गड़गडाहट सुनने के बाद घर के अंदर जाए या सुरक्षित पक्के आश्रयों की तलाष करें, अगर कोई आश्रय उपलब्ध नहीं हैं तो तुरंत उखड़ू बैठ जाएं, बिजली, इलेक्टॉनिक उपकरणों का प्रयोग न करें एवं बिजली की लाईनों से दूर रहें।


## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर जिलाः बलरामपुर रामानुजगंज ( छ.ग. )

### ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.-576 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.सेवा / 2023-24 बलरामपुर, दिनांक 17.04.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सिविल ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित कार्यों के सम्पादन हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दर पर संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, अन्य शर्ते विस्तृत निविदा अनुसार होगी।

| क्र. | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | (ग्रुप-01) 25 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | बलरामपुर | 34.39 |
| 2 | (ग्रुप-02) 26 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | बलरामपुर | 37.17 |
| 3 | (ग्रुप-03) 24 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | राजपुर | 36.59 |
| 4 | (ग्रुप-04) 25 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | राजपुर | 35.07 |
| 5 | (ग्रुप-05) 16 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | राजपुर | 23.19 |
| 6 | (ग्रुप-06) 22 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | कुसमी | 33.34 |
| 7 | (ग्रुप-07) 22 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | कुसमी | 36.00 |
| 8 | (ग्रुप-08) 21 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | कुसमी | 38.44 |
| 9 | (ग्रुप-09) 21 शाला भवनों में मरम्मत कार्य | कुसमी | 38.61 |
| | | योग :- | 312.80 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईड https://cgeprocurement. gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 03.05.2023 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) में पहुंचना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर
जिला : बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

जी-00539 / 4


# प्रा.शा. शिवपुर में किया गया अंगना म शिक्षा 3.0 कार्यक्रम का आयोजन



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में प्राथमिक शिक्षा और छात्रों को पढ़ाई से जोड़ने के लिए आज सभी बसाहटो में एक्टिव मदर कम्युनिटी का गठन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने यह पहल शुरू की है। जिला शिक्षाधिकारी ललित राम पटेल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पंडित भारद्वाज, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज साहू एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक घनश्याम दुबे, संकुल समन्वयक लुकेश्वर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में हो रहे पढ़ाई तिहार के नाम से मेला आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शिक्षिकाएं संचालित कर रही हैं और बच्चों की माताओं के जरिए बच्चों को जानकारियां दी जा रही हैं।

पढ़ाई तिहार के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शिवपुर में आज अंगना म शिक्षा 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया, छत्तीसगढ़ में माताओं को जोड़कर बच्चों को घर पर पढ़ाई सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को काफी अच्छी सफलता मिली है। इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड से भी नवाजा गया है। राज्य में दो वर्षों में इस कार्यक्रम से तीन लाख से अधिक माताएं सक्रिय रूप से जुड़कर बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती तमन्ना खातून, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, स्मार्ट माता के रूप में राबिया खातून एवं तमन्ना खातून का चयन कर सम्मान किया गया। आयोजन में आंगनबाड़ी के बच्चे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। इस आयोजन में प्रभारी मंजू सिंह, ने पढ़ई तिहार अंगना म शिक्षा 3.0 की विस्तृत जानकारी दी। इस आयोजन में ग्राम की माताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा गर्मी की छुट्टियों में किस तरह घर में ही रहकर बच्चो को खेल खेल में अध्ययन अध्यापन से जोड़कर रखा जाए, यह गतिविधि की गई। अंगना म शिक्षा के तहत माता उन्मुखीकरण आदि आयोजन समय समय पर किया जाता है, उसी कड़ी में पढ़ई तिहार के तहत अंगना में शिक्षा 3.0 का आयोजन आज किया गया, इसमें उपस्थित माताओं को अंगना म शिक्षा के महत्त्व से परिचित कराया गया तथा किस तरह से घर मे भी बच्चों को शिक्षा से जोड़कर रखा जा सकता है यह गतिविधि कराई गई। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने अपने बच्चो से गतिविधि करा कर अंगना म शिक्षा नाम को साकार किया।

कार्यक्रम में माताएं सुबसो बाई, प्यारो बाई, विजया कुमारी, कल्पेन, पार्वती यादव, जुलेखा, शिक्षक रामनिवास साहू, ग्रामवासी एवं आंगनबाड़ी व विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक योगेश साहू ने एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक ओम प्रकाश वर्मा ने किया।

कोरिया फ्रंटलाइन

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

## गौठानों में पशुओं मिले पर्याप्त पेयजल और चारा, मुख्यमंत्री जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में हो निराकरण - कलेक्टर






छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक समपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने लोक सेवा गारंटी, मुख्यमंत्री जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों को समय सीमा में निराकृत करने तथा हाईकोर्ट के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने की निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने गोधन न्याय योजना का समीक्षा करते हुए गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा सभी गोठानों में नियमित गोबर खरीदी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने बैठक वर्मी कम्पोस्ट खाद व गोमूत्र से निर्मित कीटनाशक के उठाव की जानकारी लेते हुए कृषि, उद्यानिकि, वन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारीयों से आवश्यकता के अनुसार वर्मी कम्पोस्ट खाद व गोमूत्र से निर्मित कीटनाशक का उठाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोठानों के नोडल अधिकारियो को गोठान में पशुओं के लिए पर्याप्त पेयजल, चारा व छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में आगामी विधानसभा निर्वाचन के संपादन हेतु पोलिंग पार्टी एम्लाई में कर्मचारियों का डाटा निर्धारित फारमेंट में तैयार कर शीघ्र निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होनें जल संसाधन विभाग के अधिकारी से गेज बांध में आगामी वर्षा में पानी को स्टोर करने हेतु सभी आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सभी हेण्डपंम्प को चालू रखने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने लोक निमार्ण विभाग के अंतर्गत छात्रावास आश्रमों व स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में चल रही निमार्ण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी कार्य 15 जून तक पूर्ण करनें तथा रोड चौडीकरण हेतु प्रस्तावित सडकों का सर्वे कार्य 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत के कार्यापालन अधिकारियों से जिन ग्राम पंचायतों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है उसकी सूची उपलब्ध कराने तथा सर्वे कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीकृत हितग्राहियों तथा उनके दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने राजीव गांधी भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का अधिक-से-अधिक लाभ पहुचाने हेतु हितग्राहियों की संख्या बढाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने वर्तमान में कोविड - 19 के बढते मामलों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

## लोगों को मलेरिया से बचने की दी गई जानकारी

**छ.ग.फ्रंटलाइन, मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही स्वास्थ्यकर्मियों ने मलेरिया से बचाव को लेकर शपथ भी ली। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आये बुखार पीड़ित लोगों की मलेरिया जांच भी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी के नेतृत्व में निकाली गई रैली के माध्यम से लोगों को मच्छरों से होने वाले मलेरिया रोग के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मलेरिया रोग को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार की थीम के साथ इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। मलेरिया मच्छर जनित रोग है। इसमें रोगी को सर्दी, सिरदर्द के साथ बार-बार बुखार आता है। इसमें तेज बुखार आता जाता रहता है। गंभीर मामलों में रोगी बेहोश हो सकता या उसकी मौत भी हो सकती है। मलेरिया मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। गड्ढे और नालियों में जमे पानी में पनपते हैं।जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रसुन्न टोप्पो ने बताया की मच्छर से बचाव के लिए घर तथा आसपास पानी जमा नहीं होने दें। गड्ढे और नालियों में जमे पानी में मलेरिया के मच्छर पनपते हैं। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया की जांच निशुल्क उपलब्ध है। यदि किसी को बुखार आता है तो उसे मलेरिया जांच अवश्य करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मलेरिया से बचने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा की पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े पहनें। मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की तरफ से डीडीटी का छिड़काव कराया जाता है। जन जागरूकता रैली में जिला मलेरिया सलाहकार संजीत सिंह, डॉक्टर प्रदीप मिश्रा आरएमए सुषमा पांडे, डॉ प्रकाश जायसवाल, डॉ विकास पोद्दार, संतोष, जैनब, आदर्श पैरामेडिकल के संचालक रमेश सोनी सहित पैरामेडिकल के नेहा मोनिका सुमन मनीषा अविनाश आरजू अंसारी प्रिया सुदेश अजीत शामिल रहे।

# राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के प्रगति की समीक्षा की

## पक्षकारों के प्रकरणों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण के दिए निर्देश



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व से संबंधित विभिन्न प्रकरणों, अविवादित व विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन के प्रकरणों, बंदोबस्त अभिलेख सुधार धारा 170(ख) नक्शा बटांकन शासन की आय बढ़ाने के उपाय की समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिाकरियां से पक्षकारों के प्रकरणों का गुण्वत्ता पूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना में आवेदको की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

# राम नरेश पटेल ने ली अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद की शपथ



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ ( एमसीबी )।** वरिष्ठ अधिवक्ता राम नरेश पटेल ने जिला अधिवक्ता संघ मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष के रूप में सोमवार को अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया है तथा अधिवक्ताओं के हित में व सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में काम करने की बात कही है। इस अवसर पर प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुमारी सुनीता साहू, अपर सत्र न्यायाधीश टीसी आनंद प्रकाश दीक्षित, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती एकता अग्रवाल, न्यायाधीश आनंद प्रकाश दीक्षित, विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट कुमारी सुनीता साहू द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं श्रीमती एकता अग्रवाल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला कोरिया छत्तीसगढ़ एवं अधिवक्ता राम प्रसाद गौतम, रमेश सिंह, संजीवन लाल, रविंद्र जायसवाल, शफीक खान, श्यामबिहारी रैकवार, विजय मिश्रा, मनोज त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला, घनशयम राय, अखिलेश मिश्रा, संजय गुप्ता, सुनील दुबे, संतोष सिंह, मनीष कुमार सोनी, राजेश गुप्ता, मनमोहन साहू, आशीष सिंह श्रीमती पूनम गुप्ता, कुलदीप जयसवाल, कैलाश शर्मा, राजेंद्र तिवारी, रामसुमन पांडे, अशफाक इराकी, रामसेवक सोनी कु तरन्नुम, कु मंजू बेनी, अनीश अंसारी, कु रीना बाली, सुनील तांडे, अजहर खान, रामेश्वर वर्मन, अशोक सिंह, प्रदीप शर्मा, विनोद पासी, कन्हैया लाल, राजकुमार, अभिषेक सिंह, चंद्रप्रकाश, कमलेश पांडे, कल्याण केशरी, प्रहलाद श्रीवास्तव, विनय पाठक, दीपक श्रीवास्तव, मयंक जैन, सुजय कुंडु, यारसाय राजवाड़े, अशोक राजवाड़े, विजय प्रकाश पटेल, सचिव सूरज भान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को मिल रहा नि:शुल्क सोनोग्राफी सुविधा का लाभ






छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** 24 फरवरी 2023 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में नि:शुल्क सोनोग्राफी सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। जिसमें प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य अभियान के तहत अब तक लगभग 02 माह में दूरस्थ ग्रामीण वनांचलों की कुल 54 गर्भवती महिलाओं को लाभ मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत में नि:शुल्क सेवा मिल जाने से वनांचल क्षेत्र जैसे आनंदपुर, गोयनी, दसेर, कुरथी, उज्ञांव, कचोहर, निगनोहर, देवतीडांड की महिलाओं को सहूलियत मिली। गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को मिलाकर कुल 303 मरीज लाभान्वित हुए। विकास खंड सोनहत के विधायक गुलाब कमरो ने 18 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत में सोनोग्राफी मशीन मुहैया कराने की सौगात दी थी और 24 फरवरी से संस्थान में नि:शुल्क सोनोग्राफी टेस्ट की सेवा प्रारंभ की गई। ग्रामीण क्षेत्र में सोनोग्राफी की सुविधा हो जाने से गर्भवती माताओ को गर्भ में पल रहे शिशु की जानकारी उसके स्वास्थ्य एवं अन्य जटिलताओं के बारे में पहचान हो जाने से मातृत्व मृत्यु की दर में भी कमी आयी है तथा अन्य मरीजों को भी अपने बीमारी के बारे में सोनोग्राफी की रिपोट से जानकारी मिल जाने से वे समय पर सही चिकित्सा करा पा रहे हैं। सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्रवासी एवं गर्भवती माताओं के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रोके गये 04 बाल विवाह





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश मे बाल विवाह को रोकने व बाल विवाह न करने की समझाईस देने की कार्यवाही करते हुए, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा चाईल्ड लाईन की टीम द्वारा जिले में 04 बाल विवाह को रोकने में सफलता प्राप्त की है, जिसके अंतर्गत सोनहत में 03 तथा बैकुण्ठपुर में 01 बाल विवाह रोका गया। अवगत हो कि बाल विवाह अपराध ही नही एक सामाजिक बुराई भी है, जिसे रोका जाना आवश्यक है। अधिनियम अनुसार बाल विवाह करने, कराने वाले पर 2 वर्ष का करावास तथा 1 लाख तक का जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह रोकने में स्थानीय सरपंच, पार्षद अन्य जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा पंचायत एवं नगरी निकाय स्तरीय बाल संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बाल विवाह ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रचलित है, जिसे ग्राम पंचायत से जुडे हुए जनप्रतिनिधि कोटवार, सामाजिक कार्यकर्ता आंगनबाडी कार्यकर्ता सचिव व संरपच के द्वारा रोकने का प्रयास किया जाना चाहिए, इसके लिए यह जरूरी है कि ग्राम पंचायत स्तर पर एक विवाह पंजीयन रजिस्टर हो तथा विवाह सपन्न होने के पूर्व यह पंचायत (सचिव) द्वारा सुनिश्चित किया जाना चाहिए की वर व वधु की उम्र विवाह योग्य हो चुकी है। बाल विवाह के प्रकरण देखने, सुनने या जानकारी होने पर तत्काल इसकी सूचना, स्थानीय थाना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी (परियोजना अधिकारी) अथवा जिला बाल संरक्षण अधिकारी को सूचित करे।

# बगीचा क्षेत्रांतर्गत् ग्राम दुर्गापारा में हुई घटना के संबंध में जांच टीम गठित

**सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक श्री गर्ग ने 07 दिवस के अंदर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग ने जशपुर जिले के थाना बगीचा क्षेत्रांतर्गत 25 अप्रैल 2023 को ग्राम दुर्गापारा में हुई घटना के संबंध में जांच हेतु टीम गठित की है। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सूरजपुर श्रीमती मधुलिका सिंह को टीम प्रभारी एवं उप पुलिस अधीक्षक आजाक जिला सरगुजा एस. एस. पैंकरा, थाना प्रभारी दरिमा जिला सरगुजा निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा एवं उप निरीक्षण थाना जयनगर जिला सूरजपुर सुभाष कुजूर सदस्य के रूप में शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक ने गठित टीम को घटना के संबंध में तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन 07 दिवस के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली

**राजस्व से संबंधित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने राजस्व अमला को निर्देशित किया**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व की लंबित प्रकरण, बंटाकन, सीमांकन, नांमातरण, आरबीसी 6-4 के प्रकरण, मुआवजा वितरण, भू-अर्जन के प्रकरण, खाता विभाजन, स्वेच्छा अनुदान और भूमि-आबंटन की गहन समीक्षा किए और आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व से संबंधित प्रकरण समय सीमा में प्राथमिकता से निराकरण करने राजस्व अमला को निर्देशित किया है। इस दौरान उन्होंने जिले में यूनिसेफ के तहत बेहतर चिकित्सा सुविधा हेतु कार्य किया जा रहा है इस हेतु गर्भवती माताओं के पंजीयन, उच्च जोखिम गर्भवती महिला की पहचान एवं देखभाल के विषय में चर्चा किया गया तथा पोषण पुनर्वास केंद्र में ऑक्यूपेंसी रेट को बढ़ाने, नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई क्रियाशील करने के विषय पर भी चर्चा किया गया। कलेक्टर ने जनहानि की क्षतिपूर्ति के शेष प्रकरण को समय में निराकरण करने कहां है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के संबंध में ली बैठक

**गोधन न्याय योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद सीईओ और एसईडीओ को किया गया सम्मानित**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव सभी जनपद पंचायत सीईओ और कृषि विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान गोबर खरीदी, खाद बनाने में प्रगति, सोसायटी के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट खाद का विक्रय गोबर खरीदी का भुगतान सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा किए। कलेक्टर गोबर खरीदी, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन, विक्रय प्रक्रिया में तेजी लाने अभियान चलाने कहा। उन्होंने गोधन न्याय योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले की सराहना की तथा कांसाबेल के जनपद सीईओ, एसईडीओ एवं फरसाबहार के जनपद पंचायत सीईओ और एसईडीओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कलेक्टर ने सोसायटी के माध्यम से खाद का विक्रय करवाने के निर्देश दिए हैं उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ से जानकारी लेकर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ शतप्रतिशत देने के लिए कहा है। गोबर खरीदी का भुगतान और वर्मी कम्पोस्ट खाद का भुगतान भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।

# कर्तव्य में लापरवाही एवं स्वेच्छा चारिता बरतने पर की गई कार्यवाही

**आरक्षक राजकुमार और संतोष को किया निलंबित**

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर ने उप पुलिस अधीक्षक (नक्सल ऑपरेशन) जशपुर एवं प्रभारी एसडीओपी बगीचा को तत्काल प्रभाव से पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर में सम्बद्ध किया है। इसी प्रकार आरक्षक क्रमांक 26 राजकुमार मनहर, रक्षित केन्द्र जशपुर एवं छसबल आरक्षक क्रमांक 759 संतोष उपाध्याय, 12वीं वाहिनी छसबल सी कम्पनी रामानुजगंज, कैम्प आस्ता को कर्तव्य में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय रक्षित केन्द्र जशपुर नियत किया गया है, निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस के लिए 4 लाख रूपये की राशि मंजूर

**छ.ग.फ्रंटलाइन, कोरिया।** तहसील सोनहत ग्राम भलुआर के बृजलाल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने उनके वारिस सावित्री को 4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा